हिन्दी सान्ध्य दैनिक जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live & dkunews24

वर्ष : 01 अंक–59 : जौनपुर, बुधवार 26 अक्टूबर 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## सीएम योगी ने जनता दरबार में सुनी फरियाद : दिया न्याय का भरोसा

गोरखपुर ब्यूरो : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को दो टूक हिदायत दी है कि जमीनी विवादों का संतुष्टिपरक त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए। किसी भी गरीब या सरकारी जमीन पर कब्जा नहीं दिखना चाहिए। साथ ही यदि कोई गरीब सरकारी जमीन पर रह रहा है तो उसे शासन की कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित कर उसके व्यवस्थित पुनर्वास की व्यवस्था की जाए। सीएम योगी ने ये निर्देश बुधवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान दिए। मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति सभागार के सामने जनता दर्शन में कुर्सियों पर बैठाए गए फरियादियों तक मुख्यमंत्री खुद गए और एक–एक कर उनकी समस्याओं को सुना। जनता दर्शन में कई महिलाएं जमीन से जुड़े विवादों में फरियाद लेकर पहुंची थीं। कुछ की शिकायत थी कि दबंग उनकी जमीनों पर कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। इन शिकायतों पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। जमीन कब्जाने में पेशेवर प्रवृत्ति वालों को भू माफिया के रूप में चिन्हित कर सख्ती की जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी गरीब की जमीन पर कब्जा करने वालों के खिलाफ ऐसी कार्रवाई करें जो नजीर बने। जमीनी विवादों का समाधान तत्परतापूर्वक इस तरह होना चाहिए जिससे पीड़ित व्यक्ति संतुष्ट दिखे।

सीएम योगी ने यह भी कहा कि यदि कहीं कोई गरीब सरकारी जमीन पर रह रहा है तो उसके समुचित पुनर्वास के बाद कब्जा खाली कराया जाए। साथ ही लोगों को सरकारी जमीन पर कब्जा न करने के लिए जागरूक किया जाए। मुख्यमंत्री ने करीब 250 लोगों की समस्याएं सुनीं



और सभी को आश्वस्त किया कि उनके रहते किसी को चिंता करने की जरूरत नहीं है। सभी मामलों में कार्यवाही होगी। मुख्यमंत्री ने पुलिस से जुड़ी शिकायतों को पुलिस अधिकारियों और राजस्व आदि से जुड़े मामलों को प्रशासनिक अधिकारियों को इस निर्देश के साथ संदर्भित किया कि ससमय गुणवत्तापूर्ण समाधान कराएं। गंभीर बीमारियों में इलाज के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर पहुंचे लोगों को उन्होंने आश्वस्त किया कि पैसे की तंगी से किसी का भी इलाज नहीं रुकने दिया जाएगा। उन्होंने प्रशासन को निर्देश दिया कि संबंधित मरीज के इलाज संबंधी इस्टीमेट की प्रक्रिया को पूर्ण कर इसे जल्द से जल्द शासन को उपलब्ध कराया जाए। इस्टीमेट मिलते ही इलाज के लिए धन अवमुक्त हो जाएगा। जनता दर्शन के दौरान फरियादियों संग पहुंचे उनके बच्चों को मुख्यमंत्री ने प्यार–दुलार और आशीर्वाद देते हुए चॉकलेट दिया।

## पंजाब से बिहार ले जाई जा रही 40 लाख की शराब बरामद : चोपन पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ा ट्रक

सोनभद्र ब्यूरो : चोपन थाना क्षेत्र के सलखन गांव के पास वाराणसी–शक्तिनगर मार्ग पर मंगलवार को घेराबंदी कर पुलिस, अवैध शराब से भरे एक ट्रक को पकड़ने में सफल रही। पुलिस कर्मियों ने पीछा कर भाग रहे एक शराब तस्कर को भी दबोच लिया। पंजाब से अवैध शराब ट्रक में लोड कर बिहार ले जाई जा रही थी। यह जानकारी मंगलवार को पुलिस लाइन चुर्क में आयोजित प्रेसवार्ता में एसपी डॉ. यशवीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि जनपद में अवैध शराब तस्करी की सूचना लगातार मिल रही थी।अपराधियों की गिरफ्तारी व बरामदगी के लिए एएसपी मुख्यालय कालू सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर राहुल पांडेय के निर्देशन में स्वाट / एसओजी/सर्विलांस टीम और चोपन थाना पुलिस की सयुंक्त टीम गठित की गई। एसपी ने बताया कि मंगलवार की भोर करीब तीन बजे सलखन के पास राजमार्ग पर घेराबंदी कर सर्विलांस सेल प्रभारी निरीक्षक अमित सिंह, चोपन एसओ लक्ष्मण पर्वत, एसओजी प्रभारी देवेन्द्र प्रताप सिंह, प्रभारी एसओजी और चौकी इंचार्ज गुर्मा राजेश सिंह ने एक ट्रक पर लदे अवैध शराब पकड़ लिया। शराब के साथ पकड़े गए तस्कर ने बताया कि ट्रक में अवैध अंग्रेजी शराब (सेल इन पंजाब) है। शराब के साथ पकड़े गए लखविन्दर पुत्र हरवेल सिंह, निवासी फतेहगढ़, पोस्ट पठानकोट नुसेरा, थाना सदर पठानकोट, जनपद पठानकोट पंजाब के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया। ट्रक में 624 पेटी अंग्रेजी शराब (500 पेटी मेकडावल तथा 124 पेटी इम्पीरीयल ब्लू कुल 5499 लीटर) सेल इन पंजाब कीमती लगभग 40 लाख रुपये बरामद हुई है। ट्रक को सीज कर दिया गया। शराब बरामद करने में हेड कांस्टेबल अतुल सिंह, शशि प्रताप सिंह, अमर सिंह, सतीश सिंह, रितेश पटेल, प्रेम प्रकाश सिंह, सौरभ राय, अमित कुमार सिंह, प्रकाश सिंह, सुरेन्द्र यादव, रामबाबू,



अजीत कुमार, इन्द्र सोनकर का अहम योगदान रहा। एसपी ने कहा कि शराब बरामद करने वाली टीम को 25 हजार रुपये से पुरस्कृत किया गया है। कहा कि अवैध शराब के कारोबार में संलिप्त किसी को बख्शा नहीं जाएगा। लंबे समय से चल रहा अवैध शराब का खेल लाखों रुपये की अवैध शराब के साथ पकड़े गए तस्कर ने पुलिस को कई चौकाने वाली जानकारी दी है। पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि काफी लंबे समय से पंजाब से सोनभद्र के रास्ते अवैध शराब बिहार समेत अन्य प्रांतों को ले जाई जा रही है। पुलिस को शक न हो, इसलिए अवैध शराब से लदे वाहनों को पेट्रोल पंप या ढाबा, होटलों पर खड़ा किया जाता है। सूत्रों की मानें तो तस्कर ने अवैध शराब के कारोबार में शामिल कुछ लोगों का नाम भी उजागर किया है। एसपी ने सीओ राहुल पांडेय की अगुवाई में अवैध शराब में लिप्त लोगों को चिन्हित कर कार्रवाई करने के लिए लगाया है।

## एसएसबी के जवानों से भरी चलती बस में लगी आग : शीशे तोड़कर बचाई जान

आजमगढ़ ब्यूरो : पूर्वांचल एक्सप्रेसवे से होकर गुजर रही एक बस में रविवार की देर रात मुबारकपुर थाना क्षेत्र के केरमा गांव के पास शार्ट सर्किट से आग लग गई। बस में सवार सीमा सुरक्षा बल के जवान बस का शीशा तोड़ कर बाहर निकले। मौके पर पहुंची पुलिस ने जवानों को सठियांव ब्लाक मुख्यालय पर ठहराया। सशस्त्र सीमा बल के आठ जवान व एक डॉग रविवार को दिल्ली से बिहार जा रहे थे। रात लगभग दस बजे बस केरमा गांव के पास से गुजर रही थी कि इंजन काफी गर्म हो गया। ऐसे में हुए शार्ट सर्किट से बस में आग लग गई। आग पूरी तरह फैलती इससे पहले ही जवानों ने बस के शीशे तोड़े और डॉग सहित बाहन निकल आए। जवानों ने हादसे के बारे में जिला प्रशासन को सूचना दी। सूचना हरकत में आई पुलिस मौके पर पहुंची उनके सामान को सुरक्षित पिकअप की सहायता से सठियांव ब्लाक कार्यालय में रखवाया और उनके ठहरने का इंतजाम किया। पुलिस ने बताया कि फायर ब्रिगेड ने रात में ही पहुंच कर आग पर काबू पाया।

## केराकत तहसील के कानूनगो सीपी सिंह का निधन : डेंगू का लक्षण मिलने के बाद मेदांता अस्पताल में कराया गया था भर्ती

जौनपुर (पत्रकार –अमित कुमार पाण्डेय) : केराकत तहसील के थानागद्दी सर्किल के कानूनगो चंद्रप्रकाश सिंह उर्फ सीपी का दीपावली की शाम निधन हो गया। उनके साथी लेखपाल राजेश श्रीवास्तव ने बताया कि उनके डेंगू डिटेक्ट होने पर उन्हें वाराणसी के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां से उन्हें मेदांता अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। वहां जांच में उनके मस्तिष्क में खून की क्लाटिंग पायी गई। वहीं इलाज के दौरान दीपावली की शाम सवा छह बजे उनका निधन हो गया। श्री सिंह 52 वर्ष के थे। वे मूल रूप से इसी जिले के अटरिया गांव के रहने वाले थे। उन्होंने ने वाराणसी के शिवपुर क्षेत्र में अपना मकान बनवा लिया था। और परिवार के साथ वहीं रहते थे। उनकी पत्नी वाराणसी में ही जेपी मेहता इंटर कालेज में प्रवक्ता हैं। उनके एक बेटा और एक बेटी है। बेटा एक निजी कम्पनी में इंजीनियर है जबकि बेटी अभी पढ़ रही है। बेटा विवाहित और बेटी अविवाहित है। वाराणसी के मणिकर्निका घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। बेटे रविप्रताप ने मुखाग्नि दी। कानूनगो के निधन की खबर



पर तहसील कर्मचारियों में शोक की लहर दौड़ पड़ी। तहसीलदार अमित त्रिपाठी, नायब तहसीलदार बीरेंद्र प्रताप यादव लेखपाल राजेश श्रीवास्तव, सेवालाल सरोज, लेखपाल संघ के तहसील अध्यक्ष चन्द्रमोहन यादव, सतीश कुमार, त्रिभुवन यादव, दुर्गेश, नवनीत सिंह, अधिवक्ता संघ के पूर्व महामंत्री मुकेश शुक्ल आदि ने घाट पर पहुंच कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

## चालक की लापरवाही से भयानक हादसाः डंपर से टकराई यात्रियों से भरी बस : चार गम्भीर रुप से घायल

वाराणसी ब्यूरो : विश्वसुंदरी पल के समीप बुधवार की भोर चालक की लापरवाही से यात्रियों से भरी बस डंपर से टकरा गई। संयोग अच्छा रहा कि डंपर चालक ने सूझबूझ दिखाई जिसके चलते बस में सवार चार यात्री की घायल हुए। सूचना पर पहुचे लंका इंस्पेक्टर ने सभी घायलों को इलाज के लिए बीएचयू ट्रामा सेंटर भिजवाया। बस और डंपर को कब्जे में लेकर थाने भिजवाया। बुधवार की सुबह बिहार की ओर से आ रही बस को विश्वसुंदरी पुल के समीप चालक ने अचानक दूसरी लेन में मोड़ लिया। बस मुड़ते ही सामने से तेज गति से आ रही डंपर से टकराई और हाईवे किनारे डिवाइडर पर चढ़ गई। बस की टक्कर डंपर से होते ही यात्रियों में चीख–पुकार मच गई। स्थानीय लोगों की मदद से यात्रियों को बस से नीचे उतारा गया। घायलों में सोनभद्र जिले के घोरावल क्षेत्र के देवगढ़ के रहने वाले सोनू का पैर टूट गया है। वहीं, बलिया के नरहीं की रहने वाली चंद्रावती देवी, चंदा देवी और बाबूलाल को हल्की चोट लगी है। दरअसल बिहार से वाराणसी के बीच प्राइवेट बसें



अवैध तरीके से चलती है। पूर्व में इन बसों का संचालन सामनेघाट इलाके के मुरारी चौक से होता था। पुलिस की सख्ती के बाद सामनेघाट में बिहार को चलने वाली प्राइवेट बसों का आना जाना बंद हो जाने के बाद। इन दिनों प्राइवेट बस संचालक विश्वसुंदरी पुल पर ही बस को खड़ा कर यात्रियों को उतारते बैठाते है। इस कारण हाईवे पर हमेशा एक्सीडेंट होने का डर बना रहता है। मौके पर पहुचे लंका इंस्पेक्टर बृजेश कुमार सिंह ने बताया कि गलती बस चालक की थी। हादसे में बस और डंपर दोनो के चालक और सभी यात्री सुरक्षित है। घायलों का उपचार कराया जा रहा है।

## निशुल्क प्याऊ ने ऐतिहासिक भेलहिया मेले में सैकड़ों की बुझाई प्यास

शाहगंज/जौनपुर। पत्रकार धनन्जय विश्वकर्मा : सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के गिरधरपुर गांव में दीपावली के पर्व पर लगने वाला तीन दिवसीय ऐतिहासिक भेलहिया मेला मंगलवार को समाप्त हुआ, मेला में युवाओं ने निशुल्क प्याऊ लगाकर सैकड़ो लोगो की प्यास बुझाई, तीन दिन लगातार चलने वाला ऐतिहासिक भेलहिया मेला में गिरधरपुर गांव से सटे दर्जनों गांव से हजारों की तादात में लोग मेला देखने आते हैं। भेलहिया मेला भेला का रस के लिए प्रसिद्ध है।लोगो की मान्यता है की बीमारियों से ग्रसित लोग भेल का रस पीने और गिरधरपुर गांव में बने राउर बाबा मजार और भूंनगा माता का दर्शन करके लोगो को रोग और कष्ट से निजात मिलती है। मेला में विनय कुमार तथा अर्जुन विश्वकर्मा समाज सेवी ने मिलकर लोगों के लिए निशुल्क प्याऊ की व्यवस्था की थी। दूरदराज से आए लोगों सैकड़ों लोगों ने निशुल्क प्याऊ का इस्तेमाल करके अपनी प्यास बुझाई और दोनों युवाओं के कार्य की सराहना की, संयोजक विनय कुमार ने बताया कि मेला में निशुल्क प्याऊ की व्यवस्था लोगों की प्यास बुझाने के लिए किया गया था और इस छोटे से प्रयास से समाज में हम सब जल ही कल है जल ही जीवन है का संदेश देना चाहते है। क्योंकि जब तक हम सब जागरूक नहीं होंगे तब तक जल की सुरक्षा में कोई भी अभियान सफल नहीं हो सकता है।सहयोग अर्जुन विश्वकर्मा ने कहा कि वर्षों से चली आ रही है एतिहासिक भेलहिया मेला में निशुल्क प्याऊ लगाना और लोगों को मेला में सहयोग करना ही हम सबका लक्ष्य था। मेला में अधिक भीड़ होने पर कुछ लोग अपनों से बिछड़ गए थे जिन्हें हम सब के सहयोग से उनके परिजनों तक पहुंचाने में मदद मिली इस छोटी सी पहल से समाज में एक नया संदेश देने का काम किया गया है देश के युवा ही देश के भविष्य हैं देश का हर युवा अगर अपने कर्तव्य का पालन करने लगे तो देश का विकास होने से कोई नहीं रोक सकता। इस दौरान निशुल्क प्याऊ सुविधा में हरीमोहन, सुरेश शर्मा,रीतिक,विशाल कुमार,बबलू समेत अन्य लोगो ने भरपूर सहयोग किया। मेले में भेला ,भेला का मेला जाने इतना प्रसिद्द क्यों है भेलहिया मेला। बतादेंकि उत्तर प्रदेश में जौनपुर जिले के विकासखंड करंजकला क्षेत्र के गिरधरपुर गांव में मान्यताओं एवं लोक चर्चाओं के अनुसार कार्तिक अमावस्या के दिन यहां एक विशाल मेला लगता है। इस मेले में कुछ जड़ी बूटी , जो पीने से पुराने से पुराने दुखों का नाश हो जाता है, स्थानीय लोगों से पता चला है कि यहां पर भेला पीने का काफी मानता है, बताया जाता है कि भेला पीने से सभी प्रकार के दुखों का नाश हो जाता है। भेला, एक तरह का वृक्ष है, उसी वृक्ष का भेला बीज है, उस बीज का रस निकाल कर पीने से असाध्य रोगों से छुटकारा मिलता है। इस बेला का बीज बिहार से व्यापारियों के माध्यम से उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले तक पहुंचता है और इसी बेला के बीच का चमत्कार इसी दिनों में पूरे क्षेत्र में छाया रहता है। भेल औषधि के रूप में इस का पेड़ काफी गुणकारी बताया जाता है। यहां के स्थानीय लोग इस मेले में काफी सहयोग करते हैं। और उसमें वर्तमान ब्लॉक प्रतिनिधि सुनील यादव उर्फ मम्मन व उनके सहयोगी लोगों द्वारा इस वर्ष मेला में काफी सहयोग किया जा रहाहै।

## आवश्यक सूचना

**आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - dku live चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–**

**www.Deshkiupasana.com**
**www.Deshkiupasana.in**
**www.Deshkiupasana.org**

**–संपादक**

## गोरखपुर में टेंपो चालक की पीट–पीट कर हत्या : तिवारीपुर थाना क्षेत्र की घटना

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : तिवारीपुर थाना क्षेत्र के गायत्री मंदिर के पीछे स्थित दलित बस्ती में सोमवार की रात 48 वर्षित भोला प्रसाद नामक टेंपो चालक की कुछ लोगों ने पीट कर हत्या कर दी। पुलिस के अनुसार तिवारीपुर दलित बस्ती निवासी भोला प्रसाद टैम्पो चलाता था । पड़ोस के अनिल नामक व्यक्ति से उसका विवाद चल रहा था । सोमवार की रात फिर किसी बात को लेकर दोनों में विवाद हो गया । गाली गलौज होते–होते मार पीट हो गई। आरोप है कि अनिल और उसके परिवार ने मिलकर भोला प्रसाद की जमकर पटाई कर दी। जिससे वह गम्भीर रूप से घायल भोला की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर तिवारीपुर पुलिस मौके पर पहुंच गई और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस सम्बन्ध में पुलिस ने अनिल और उसके दोनों लड़कें छोटे और बड़े तथा उसकी मां गुड्डी व बहन शीतल के खिलाफ हत्या का का मुकदमा दर्ज किया है।

## आम के पेड़ से लटक कर अधेड़ ने किया खुदकुशी

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला अल्लापुर शैदीखेल में एक व्यक्ति ने संदिग्ध परिस्थितियों में आम के पेड़ से फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। सूचना पाकर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला अल्लापुर शैदीखेल निवासी लक्ष्मण 40 वर्ष पुत्र जीवन ने संदिग्ध परिस्थितियों में पेड़ से फांसी लगाकर खुदकुशी की है। सूचना मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया। कोतवाली पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। बताया जाता है लक्ष्मण अविवाहित था और मुंबई में किसी फैक्ट्री में कार्य करता था। पंद्रह दिन पूर्व दीपावली मनाने के लिए वह अपने घर आया था। लक्ष्मण शराब पीने का आदी था । इसी वजह से घर में पारिवारिक कलह हुई जिससे नाराज होकर उसने पश्चिम की ओर शारिब के खेत में खड़े आम के पेड़ से फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। उधर से गुजरे लोगों ने जब लक्ष्मण को पेड़ से लटकते देखा तो तत्काल उसके परिजनों को सूचना दी गई। सूचना पाकर परिजन मौके पर पहुंचे। परिजनों में कोहराम मच गया। कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंची। शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस इंस्पेक्टर सुरेश कुमार मिश्र ने बताया कि कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और तहरीर मिलने बाद कार्यवाही की जाएगी।

## बम बांधते समय विस्फोट होने पर युवक के दोनों हाथ उड़े : हालत गंभीर

प्रयागराज ब्यूरो : धूमनगंज थाना क्षेत्र में बम बांधते समय विस्फोट हो जाने पर युवक के दोनों हाथ उड़ गए, इससे मोहल्ले में हड़कंप मच गया। गंभीर रूप से घायल अवस्था में उसे स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल में भर्ती कराया गया है। धूमनगंज के प्रीतमनगर में संदिग्ध हाल में युवक के दोनों हाथ उड़ गए। आशंका जताई जा रही है कि बम बांधते हादसा हुआ है। गंभीर हालत में एसआरएन में भर्ती कराया गया है। युवक का नाम सत्यम तिवारी है। वह धूमनगंज का ही रहने वाला है।

## छोटी काली जी मंदिर सेवा समिति ने पुलिस अधिकारियों को किया सम्मानित

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। छोटी काली जी मंदिर सेवा समिति ने चौक कोतवाली क्षेत्र के पुलिस अधिकारियों को मंदिर में



सम्मानित किया। समिति के उपाध्यक्ष घनश्याम दास कपूर ने बताया कि चौक क्षेत्र में कोई घटनाएं नवरात्र में इस वर्ष नहीं हुई। व्यवस्था पुलिस ने अच्छी की। उसके उपलक्ष्य में मोहल्ले के व्यक्तियों ने उनको बुला कर सम्मानित किया। इंस्पेक्टर प्रशांत मिश्रा, एसआई राजेश यादव पुलिस चौकी चौक समेत अन्य पुलिसकर्मियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अनिल कपूर, धीरज कपूर ,सोमनाथ तांगड़ी संरक्षक छोटी काली जी मंदिर, रिंकू कपूर,मुदित कपूर आदि उपस्थित रहे।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

**भगवान उसकी मदद करते हैं जो खुद अपनीं मदद करता है।**

*–साभार ज्ञानामृत पत्रिका*

## सम्पादकीय

# अब आर्थिक प्रतिस्पर्धी देश बनेगा भारत

इससे देश में उद्योग और कारोबार, निर्यात और निवेश तथा रोजगार के मौके बढ़ने से देश की अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ेगी और आम आदमी की मुट्ठियों में भी अधिक विकास की खुशियां पहुंचते हुए दिखाई देगी।

इन दिनों राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आर्थिक विचार मंथन में यह कहा जा रहा है कि भारत की नई लॉजिस्टिक नीति और गति शक्ति योजना का आगाज अभूतपूर्व रणनीतियों के साथ हुआ है। यदि इन दोनों योजनाओं को अपेक्षित रूप से अंजाम दिया गया, तो भारत जहां दुनिया में प्रमुख आर्थिक प्रतिस्पर्धी देश बन सकेगा, वहीं 21वीं सदी में भारतीय अर्थव्यवस्था दुनिया में अपना परचम फहराते हुए आगे बढ़ेगी।

इन दोनों योजनाओं की बुनियाद पर देश से निर्यात और निवेश तेजी से बढ़ेंगे, उद्योग–कारोबार और कृषि क्षेत्र की तस्वीर संवारी जा सकेगी, इसके अलावा महंगाई में कमी और रोजगार में वृद्धि के साथ विकास के नए अध्याय लिखे जा सकेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा विगत 17 सितंबर को लांच की गई और 21 सितंबर को कैबिनेट से मंजूर की गई बहुप्रतीक्षित नई लॉजिस्टिक पॉलिसी देश की ऊंची लॉजिस्टिक लागत कम करने की दिशा में मील का पत्थर साबित हो सकती है।

इस नई नीति को लांच करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि इससे माल परिवहन की लागत घटेगी और सभी प्रकार के उद्योग–कारोबार को बढ़ावा मिलेगा। नई नीति ऊंचे लॉजिस्टिक अंतर को पाटने और भारत को वैश्विक आपूर्ति शृंखला में प्रतिस्पर्धी बनाने में अहम भूमिका निभाएगी। साथ ही, मेक इन इंडिया और स्टार्ट–अप इंडिया को भी यह मजबूती प्रदान करेगी। इससे वैश्विक व्यापार में भारत की हिस्सेदारी बढ़ेगी और भारत दुनिया का नया मैन्यूफैक्चरिंग हब बनने की दिशा में आगे बढ़ेगा।

नई लॉजिस्टिक नीति दरअसल कोई एक वर्ष पहले 13 अक्तूबर, 2021 को शुरू हुई देश की महत्वाकांक्षी गति शक्ति योजना की ही अनुपूरक है। इसे नेशनल इन्फ्रास्ट्रक्चर मास्टर प्लान नाम भी दिया गया है। गति शक्ति योजना करीब 100 लाख करोड़ रुपये की महत्त्वाकांक्षी परियोजना है, जिसका लक्ष्य देश में एकीकृत रूप से बुनियादी ढांचे का विकास करना है। वस्तुतः देश में सड़क, रेल, जलमार्ग आदि का जो इन्फ्रास्ट्रक्चर हैं, वह अलग–अलग 16 मंत्रालयों और विभागों के अधीन हैं, उनके बीच में सहकार व समन्वय बढ़ाना गति शक्ति योजना का मुख्य फोकस है।

यह कोई छोटी बात नहीं है कि विभागीय बाधाएं हटाने और विभिन्न 16 विभागों में समन्वय के लिए गति शक्ति योजना और बुनियादी ढांचा कनेक्टिविटी परियोजनाओं के समन्वित कार्यान्वयन के लिए योजना की घोषणा के बाद महज एक साल में डिजिटल प्लेटफॉर्म तैयार कर लिया गया है। साथ ही, रेलवे, सड़क, बंदरगाह, जलमार्ग, हवाई अड्डे, सार्वजनिक परिवहन और लॉजिस्टिक्स इन्फ्रास्ट्रक्चर के रूप में चिह्नित किए गए सात इंजनों के तहत भारतमाला (राजमार्ग), सागरमाला (तटीय नौवहन), उड़ान (वायु सेवाओं), भारत नेट (दूरसंचार सेवाओं), रेलवे विस्तार और अंतर्देशीय जलमार्ग विस्तार जैसी महत्त्वपूर्ण योजनाओं को समन्वित रूप से आगे बढ़ाया जा रहा है।

यकीनन इस समय जब कुल वैश्विक व्यापार में भारत का हिस्सा दो फीसदी से कम है, देश में माल परिवहन की लागत बहुत ऊंची 13–14 फीसदी है। विश्व बैंक के मुताबिक, भारत लॉजिस्टिक खर्च के मामले में दुनिया में बहुत पीछे 44वें स्थान पर है, ऐसे में भारत ने इंजीनियरिंग, डिजिटलीकरण और बहु–साधन परिवहन जैसे क्षेत्रों पर फोकस कर नई लॉजिस्टिक नीति से माल ढुलाई क्षमता में सुधार की ओर कदम बढ़ा दिए हैं। अब नई नीति के तहत लॉजिस्टिक्स से जुड़े सभी मसलों के लिए सिंगल रेफरेंस पॉइंट बनाया जाएगा।

देश में सतत एकीकृत और डिजिटल लॉजिस्टिक्स इन्फ्रास्ट्रक्चर तैयार किया जाएगा। इसके साथ ही, लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में ड्रोन का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल होगा। नई लॉजिस्टिक नीति का लक्ष्य यह है कि अगले 10 सालों में लॉजिस्टिक्स सेक्टर की लागत को 10 प्रतिशत तक लाया जाए। चूंकि वर्तमान में लॉजिस्टिक्स का ज्यादातर काम सड़कों के जरिये होता है, अतएव अब नई नीति के तहत रेल ट्रांसपोर्ट के साथ–साथ शिपिंग और एयर ट्रांसपोर्ट पर जोर दिया जाएगा।

लगभग 50 प्रतिशत कार्गो को रेलवे के जरिये भेजा जाएगा। इससे सड़कों पर ट्रैफिक को कम किया जा सकेगा, कच्चे तेल के आयात में कमी आएगी और लॉजिस्टिक्स के खर्च में भी कमी की जा सकेगी। साथ ही, माल परिवहन में लगने वाला समय भी कम होगा। देश की अर्थव्यवस्था को इन सबके आर्थिक फायदे प्राप्त होंगे। गौरतलब है कि नई लॉजिस्टिक नीति और गति शक्ति योजना ऐसे समय में लागू हुई है, जब विकसित देशों में मंदी है और भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए अच्छी संभावना है।

ऐसे में, घरेलू और निर्यात बाजारों में भारतीय सामान की प्रतिस्पर्धात्मकता में सुधार आएगा। लागत कम होने से जहां सामान की कीमत कम होगी, वहीं भारत नया निर्यात प्रतिस्पर्धी देश बनकर आगे बढ़ेगा। नई लॉजिस्टिक नीति से कृषि पदार्थों की कीमतों में कमी आएगी, खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र लाभान्वित होगा और कृषि निर्यात बढ़ेंगे तथा प्रत्यक्ष विदेशी निवेश में बढ़ोतरी हो सकेगी। इस समय भारत दुनिया की सबसे तेज विकास दर के साथ विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है।

अब नई लॉजिस्टिक नीति के सहारे देश और बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की डगर पर आगे बढ़ सकेगा। इस सेक्टर में इस समय देश के करीब 2.2 करोड़ से ज्यादा लोगों को रोजगार मिला हुआ है। अब नई लॉजिस्टिक नीति और गति शक्ति योजना के कारगर क्रियान्वयन से रोजगार के मौके भी तेजी से बढ़ेंगे। हम उम्मीद करें कि नई लॉजिस्टिक नीति और गति शक्ति योजना के उपयुक्त क्रियान्वयन से भारत वर्ष 2030 तक कम लॉजिस्टिक खर्च और मजबूत बुनियादी ढांचे वाले दुनिया के शीर्ष 25 देशों की सूची अपना स्थान बना पाएगा।

इससे देश में उद्योग और कारोबार, निर्यात और निवेश तथा रोजगार के मौके बढ़ने से देश की अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ेगी और आम आदमी की मुट्ठियों में भी अधिक विकास की खुशियां पहुंचते हुए दिखाई देगी। साथ ही, हम यह उम्मीद करें कि नई लॉजिस्टिक नीति और गति शक्ति योजना के उपयुक्त क्रियान्वयन से भारत इस उपमहाद्वीप के सभी पड़ोसी देशों के साथ अधिक और उत्साहजनक द्विपक्षीय कारोबार का मौका भी अपनी मुट्ठियों में ले सकेगा, और इससे भारतीय उपमहाद्वीप के पड़ोसी देशों के करोड़ों लोगों की खुशियां भी बढ़ाई जा सकेगी।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

# दो गुटों मे वर्चस्व को लेकर हुआ पथराव और फायरिंग : तीन लोगों को लगी गोली : पुलिस बल तैनात

लखनऊ ब्यूरो : लखनऊ मडियांव के फैजुल्लागंज मे मंगलवार शाम दो पक्षों में को लेकर मारपीट के बाद पथराव हो गया। चीखपुकार सुनकर इलाके के लोग के जुट गये। एक पक्ष का युवक फायरिंग करते हुए भाग निकला। फायरिंग में छर्रे लगने से तीन युवक घायल हो गए। वहीं, फायरिंग और पथराव से इलाके में तनाव को देखते हुए पुलिस तैनात कर दिया गया है। एडीसीपी उत्तरी अभिजित आर शंकर के मुताबिक, मंगलवार शाम को फैजुल्लागंज नयापुरवा निवासी समर, अभिलाष, धीरज और अमन अपने साथियों के साथ खड़ा था। इसी दौरान पास ही रहने वाला करन अपने साथियों के साथ उधर से निकला। जिसको लेकर दोनों में गाली–गलौज के साथ मारपीट शुरू हुई हो गई। देखते ही देखते दोनों पक्षों से पथराव होने लगा। चीखपुकार सुनकर क्षेत्रीय लोगों के एकत्र होने पर करन की तरफ से फायरिंग शुरू हो गई। जिसमें अभिलाष झा के पीठ छर्रे लगने से झुलस गई। वहीं, धीरज यादव और अमन वर्मा के भी कुछ छर्रे लगे। तीनों का पुलिस ने प्राथमिक उचपार के लिए अस्लपात ले गई। वहीं, दूसरे पक्ष के तीन लोगों को हिरासत में लेकर मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। दो साल पहले भी हुआ था विवाद, तीन टीमें दे रही दबिश एडीसीपी के मुताबिक, करन और समर के बीच पिछले दो साल से वर्चस्व को लेकर विवाद चला आ रहा है। जांच में सामने आया है कि



जिसको लेकर ही आज समर और करन के आमने–सामने आने पर मारपीट हो गई। बीच–बचाव में अभिलाष के आने पर करन ने फायर कर दिया। जिससे उसकी पीठ में कई छर्रे लग गए। वहीं पास में खड़े धीरज और अमन जख्मी हो गए। आरोपियों की तलाश में तीन टीमों को लगया है। पीड़ित पक्ष की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जाएगी। मड़ियांव इंस्पेक्टर अनिल कुमार के मुताबिक 12 बोर के तमंचे से फायर की गई है। जिससे उसके छर्रे तीन लोगों को लगे थे। आरोपियों की तलाश में लगातार दबिश दी जा रही है। वहीं क्षेत्र का माहौल देखते हुए पुलिस बल को तैनात कर गश्त बढ़ा दी गई।

# दिवाली पर 200 करोड़ से ज्यादा की आतिशबाजी स्वाहा : लोगों ने जमकर फोड़े पटाखे

अलीगढ़ ब्यूरो : दिवाली पर इस बार 200 करोड़ से अधिक की आतिशबाजी फूंके जाने का अनुमान लगाया जा रहा है। हालांकि इसकी अधिकारिक जानकारी नहीं मिल रही, मगर जिले के थोक विक्रेताओं और आसपास के अन्य जिलों से लाकर जिले में बेचा गया है। आतिशबाजी का बाजार प्रतिवर्ष नुमाइश मैदान में लगता है। सामान्यतः 200 के आसपास रिटेल दुकानदार यहां दुकानें लगाते हैं। इस बार भी लगभग इतनी ही दुकानें लगी हैं। यहां सोमवार की रात ही माल खत्म होने की स्थिति पैदा हो गई थी। छुट–मुट उत्पादों को छोड़ दें तो बड़े पटाखे नहीं मिल रहे थे। बाजार के जानकार बताते हैं कि जिले में थोक के पांच लाइसेंस हैं, जिनके स्तर से 5 करोड़ के आसपास आतिशबाजी की आपूर्ति दी गई है। इसके अलावा कासगंज, हाथरस, आगरा व दिल्ली से भी इतनी कीमत का माल लाकर अपने जिले में बेचा गया है। हालांकि अभी आज गोवर्धन के दिन भी आतिशबाजी होगी। धूमधड़ाके से निकला पर्यावरण का दिवाला, घातक स्तर पर पहुंचा शहर में प्रदूषण दिवाली पर सोमवार की शाम से शुरू हुआ आतिशबाजी का सिलसिला शाम से देर रात तक जारी रहा। इससे शहर में प्रदूषण का स्तर काफी बढ़ गया है। क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण कार्यालय की ओर से प्रदूषण की लगातार मानीटरिंग की जा रही है। शहर में पहले से प्रदूषण स्तर बेहद खराब है, अब दिवाली पर वायु और ध्वनि प्रदूषण में और बढ़ोत्तरी हो गई है। यह सामान्य से चार गुना तक जा पहुंचा है। आतिशबाजी से शहर की आबोहवा खराब हो गई है। 413 माइक्रो ग्राम पर मीटर क्यू का प्रदूषण का स्तर बेहद घातक स्तर पर जा पहुंचा है। आवासीय क्षेत्र में ध्वनि प्रदूषण 70 से 80 डेसीबल तक मापा गया है। एयर क्वालिटी इंडेक्स (आईक्यू) न्यूनतम से 43 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक पर पहुंच गया है। कोरोना काल से तीन साल पहले पीएम –10 (पार्टिकुलेट मेटर) बेहद घातक स्थिति में जा पहुंचा था, इसमें नाइट्रोजन डाईऑक्साइड एवं सल्फर डाई ऑक्साइड और कार्बनमोनो ऑक्साइड उत्सर्जन के माप से कई गुना तक बढ़ गया था। कई दिनों तक स्कूल, कॉलेजों में इसके चलते अवकाश भी रहा था। हालांकि इस बार पिछले साल दिवाली की अपेक्षा प्रदूषण का स्तर कुछ कम रहा। बीते साल यह 430 माइक्रोग्राम पर



मीटर क्यू था। मंगलवार की सुबह भी आसमान में धुंध छाई रही। इससे सांस रोगियों को बेहद परेशानियों का सामना करना पड़ा। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार प्रदूषण अगले दो–तीन दिन तक वातावरण को प्रभावित करेगा। उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी जेपी सिंह ने बताया कि केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की ओर से वायु एवं ध्वनि प्रदूषण की निगरानी की जा रही है। उन्होंने बताया कि एयर क्वालिटी इंडेक्स का सामान्य मापक 100 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक है। इसके बढ़ने पर वायु प्रदूषण का खतरा बढ़ जाता है। उन्होंने बताया कि शहर के आवासीय क्षेत्र ज्ञान सरोवर, एएमयू समेत कई स्थानों पर पीएम –10 को मापने के लिए मैन्युअल सैंपलर मशीन से सैंपल कराया जा रहा है। इसकी 31 अक्तूबर तक मॉनीटरिंग की जा रही है। यह है मानक का स्तर क्षेत्रीय अधिकारी जेपी सिंह ने बताया कि प्रदूषण बोर्ड ने आईक्यू मानक तय कर रखा है। अगर यह स्तर 0.50 आईक्यू है तो वह अच्छी गुणवत्ता यानी ग्रीन श्रेणी में है। अगर यह 51 से 100 की श्रेणी में होता है, तो यह तोतई कलर की श्रेणी में माना जाएगा। इसका असर पहले से बीमार व्यक्तियों पर देखने को मिलेगा। उन्हें सांस लेने में परेशानी होगी। 101 से 200 तक यह चेतावनी का प्रतीक येलो कलर की श्रेणी में होगा। इसका असर फेफड़ों पर पड़ता है। सांस की बीमारी से पीड़ित मरीजों को दिक्कत होती है। 201 से 300 तक यह बेहद खराब स्थिति पैदा कर देता है। यह ऑरेंज श्रेणी में आता है और यह लोगों का स्वास्थ्य को प्रभावित करेगा। 301 से 400 का आईक्यू बेहद घातक स्थिति में है और यह रेड श्रेणी में आता है। 401 से 500 आईक्यू डार्क रेड की श्रेणी में आता है। यह राहगीरों की आंखों को प्रभावित करेगा। उन्होंने बताया कि वायु गुणवत्ता की निगरानी की जा रही है। 31 अक्तूबर तक शहर के आवासीय, व्यवसायिक क्षेत्र में वायु प्रदूषण एवं ध्वनि प्रदूषण को मापा जा रहा है।

# परिक्रमा करने वृंदावन जा रहे युवक की हादसे में मौत

अलीगढ़ ब्यूरो : कोतवाली क्षेत्र के गांव चंदफरी के निकट अलीगढ़–मथुरा रोड पर टैंकर ने बाइक सवार दो युवकों को रौंद दिया। हादसे में गांव असनेती निवासी युवक की मौके पर मौत हो गई। जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। दोनों बाइक से परिक्रमा करने वृंदावन जा रहे थे। गोंडा थाना क्षेत्र के गांव असनेती निवासी सुरेंद्र शर्मा का पुत्र विष्णु शर्मा (28) मंगलवार की दोपहर करीब एक बजे अपने मित्र मूला निवासी तेहरा थाना खैर के साथ बाइक से वृंदावन परिक्रमा करने जा रहे थे। अलीगढ़–मथुरा मार्ग पर गांव हस्तपुर–चंदफरी के निकट सामने से आ रहे टैंकर ने बाइक को रौंद दिया। हादसे में विष्णु की मौके पर मौत हो गई। घायल मूला का सीएचसी में इलाज कराया गया है, उसकी हालत ठीक है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। जानकारी के अनुसार बाइक को विष्णु ही चला रहा था। उसने हेलमेट भी पहना



था। पुलिस ने टैंकर को कब्जे में लिया है। कोतवाल विजय सिंह ने बताया कि तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी। विष्णु नोएडा की एक निजी कंपनी में काम करता था। दीपावली की छुट्टी पर घर आया था। उसने अपने पीछे पत्नी पूजा शर्मा, बेटे गोलू व कालू, बेटी मोनी को रोते बिलखते छोड़ा है।

# बिनु हरि कृपा मिलहिं नहि संता –डॉ. कपूर

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ. पर्यावरण के बिगड़ते संतुलन ने वातावरण लगातार प्रदूषित होता जा रहा है. सरकार और समाज दोनों को पेड़ों के अंधाधुंध कटान पर रोक लगानी चाहिए. साथ ही, स्वयं सेवी संस्थाओं और बेहतर समाज की परिकल्पना से जनहित में कार्य करने वाले संगठनों को महाभारत व रामायणकालीन ऐसे पेड़ों को अधिक से अधिक रोपित करना चाहिए जो ज्यादा आक्सीजन सृजित कर वातावरण को स्वस्थ रखने में अहम् भूमिका निभाते हैं. यह बात हनुमान जयंती पर हनुमत् कृपा ट्रस्ट की पहली वार्षिक बैठक में पर्यावरणवेत्ता व हनुमान सेतु मंदिर के पूर्व सचिव डॉ. एस. एन. कपूर ने कही.डॉ. कपूर ने कहा कि हनुमत् कृपा ट्रस्ट जो बीते छह सालों से हनुमत् कृपा पत्रिका, डायरी, कलेंडर व राम नाम लेखन चेकबुक छापकर देश भर में श्रद्धालु जनों तक पहुंचा रहा है. अब ट्रस्ट को पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी अग्रणी भूमिका निभानी चाहिए. ट्रस्ट के वरिष्ठ सदस्य शरद कपूर ने सुझाव दिया कि महाभारत व रामायणकालीन पेड़ों का रोपण ट्रस्ट द्वारा बड़े पैमाने पर कराया जाये, इसमें सरकार व अन्य सरकारी संस्थाओं का सहयोग भी लिया जा सकता है. ट्रस्ट के अध्यक्ष नरेश दीक्षित ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के साथ ही गरीब कन्या विवाह व जाड़े में गरीबों को कंबल वितरण का भी कार्य ट्रस्ट की कार्य योजना में शामिल है.हनुमान जयंती (नरक चतुर्दशी) पर हनुमत्स्वरूप पूज्य बाबा नीब करौरी महाराज जी के अनन्य भक्त आदरणीय डॉ. एस. एल. कपूर के निराला नगर (लखनऊ) स्थित घर पर हनुमत् कृपा ट्रस्ट की वार्षिक बैठक का आयोजन किया गया. . ट्रस्ट के अध्यक्ष नरेश दीक्षित ने श्रीहनुमान



जी व गुरुदेव महाराज के सामने दीप प्रज्ज्वलित कर प्रभु को माल्यार्पण किया. सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ के बाद भोग लगाया गया. सभी पदाधिकारियों व कार्यकारिणी सदस्यों ने ट्रस्ट के संरक्षक डॉ. कपूर को माल्यार्पण कर प्रभु श्रीराम, हनुमान जी व बाबा जी के चित्र वाला फ्रेम चित्र भेंट कर चरण छूकर आशीर्वाद लिया. बैठक में वरिष्ठ सदस्य शरद कपूर ने ट्रस्ट के जरिये पर्यावरण संरक्षण के लिए कारगर प्रयास करने तथा देशभर में महाभारत व रामायणकालीन पेड़ लगाने का सुझाव दिया जिसका सभी सदस्यों ने समर्थन किया. आदरणीय कपूर जी की धर्मपत्नी श्रीमती विजय कपूर ने सभी सदस्यों को पर्यावरण को शुद्ध करने वाले जेड़ का पौधा गिफ्ट देकर दीपावली की बधाई व आशीर्वाद दिया. बैठक में ट्रस्ट के सचिव पं. अनुराग मिश्र, कोषाध्यक्ष नीलेश मिश्र, मीडिया कोआर्डिनेटर आचार्य आर. एल पाण्डेय, कार्यकारिणी सदस्य एस. डी. दीक्षित, सियाराम पाण्डेय ' शांत', जितेंद्र कुमार, नीलम दीक्षित, जिया, ज्योत्स्ना कपूर, जुही कपूर, नीरज कपूर, रमेश शर्मा, के. एन. पाण्डेय, आशीष दीक्षित आदि भक्तजन मौजूद रहे. आखिर में बैठक के आयोजक शरद कपूर ने सभी सदस्यों का आभार जताया और दीपावली की बधाई दी।

# ऐतिहासिक गुरुद्वारा नाका हिंडोला में मनाया गया बन्दी छोड़ दिवस

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। बन्दी छोड़ दिवस ऐतिहासिक गुरूद्वारा श्री गुरू नानक देव जी नाका हिन्डोला, लखनऊ में बड़ी श्रद्धा एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर गुरूद्वारा साहिब को बिजली का झालरों, दीप मालाओं एवं फूलों द्वारा बडी खूबसूरती के साथ सजाया गया। शाम का विशेष दीवान 6.30 बजे रहिरास साहिब के पाठ से दीवान आरम्भ हुआ जो रात्रि 10.30 बजे तक चला। जिसमें हजूरी रागी भाई राजिन्दर सिंह जी ने अपनी मधुरवाणी में शबद कीर्तन– 1–''दीवाली दी राति दीवे बालीअनि।'' 2–''सतिगुर बन्दीछोड़ है जीवन मुक्ति करै उडीणा।'' गायन एवं समूह संगत को नाम सिमरन करवाया। ज्ञानी सुखदेव सिंह जी ने बन्दी छोड़ दिवस पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जब श्री गुरू हरिगोन्बिद साहिब जी लोगों में नई जागृति लाने के लिये जगह–जगह धर्म प्रचार कर रहे थे तो कई दूसरे धर्मो के लोग भी सिख बनने लगे। गुरु जी ने अपने पिता की तरह दुखियों की सेवा करनी शुरु कर दी। सिखों की बढ़ती ताकत को देख कर जहांगीर ने हुक्म दिया कि गुरु जी को बन्दी बना कर ग्वालियर के किले मे कैद कर दिया गया। जहां 52 हिन्दू राजा भी कैद थे, गुरु जी उन राजाओं की हिम्मत बांधी गुरु जी से राजा बहुत प्रभावित हुए। भिन्न–भिन्न स्थानों पर जत्थे बनाकर सिख ग्वालियर पहुॅचने लगे, मिलने की अनुमति न होंने के कारण लोग किले की दीवारों को माथा टेक कर वापस चले जाते। गुरु जी को बन्दी बनाने के विरुद्ध सिखों व गुरु घर के प्रेमियों में कई नेक दिल मुसलमानों ने भी आवाज उठायी इसके परिणाम स्वरुप जहांगीर को गुरु जी को रिहा करने का हुक्म देना पड़ा मगर गुरु जी ने रिहा



होने से इन्कार कर दिया। गुरु जी ने कहा कि हम अकेले किले से बाहर नही जायेंगे अगर हमे रिहा करना है तो 52 हिन्दू राजाओं को भी रिहा करना होगा। जहांगीर को उन 52 हिन्दू राजाओं को रिहा करना खतरनाक लगने लगा उसने हुक्म जारी किया कि जितने गुरु जी का दामन पकड़ कर बाहर जायेंगे उन्हें छोड़ दिया जायेगा गुरू जी ने 52 कलियों वाला चोला (कुर्ता) बनवाया और रह राजा को एक–एक पकड़ाई और इस तरह गुरु जी उन 52 हिन्दू राजाओं को लेकर किले से बाहर निकले व उनका राजपाट वापस दिलवाया। तभी से गुरु जी को '' बन्दी छोड़ दाता'' भी कहा जाता है। रागी जत्था भाई प्रीतम सिंह ने गुरुद्वारा चन्दर नगर वालों ने ''दस्तगीर दीन दुनी दा पातसाह पातसाहां पातसाहा अडोला। हुइि पंज पीर हरि गुर हरि गोबिन्द अतौला।'' शबद कीर्तन गायन कर समूह संगत को निहाल किया । कार्यक्रम का संचालन सतपाल सिंह मीत ने किया। दीवान की समाप्ति के उपरान्त लखनऊ गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी के अध्यक्ष स0 राजेन्द्र सिह बग्गा ने समूह संगत को बन्दी छोड़ दिवस की बधाई दी। उसके उपरान्त गुरु का प्रसाद वितरित किया गया।

# सड़क हादसे में अखबार के अभिकर्ता की मौत

अलीगढ़ ब्यूरो : रविवार की रात तेजपुर पेट्रोल पंप के समीप हुए हादसे में अमर उजाला अखबार के एक अभिकर्ता की मौत हो गई। जबकि उनके साथी गंभीर रूप से जख्मी हो गए। मामले में मृतक के भाई ने जवां थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। गांव गौधा निवासी मृतक के भाई तहरीर में बताया कि रविवार की रात चंद्रहंस उर्फ चंदू पुत्र नाथुराम तेजपुर पेट्रोल पंप से साइकिल से डीजल लेकर आ रहे थे। जैसे ही वह पिलौना भट्टा मोड़ के पास पहुंचे वहाँ उनका दोस्त रिंकू शर्मा मिला। साइकिल से उतर कर वह उसी से बात कर रहे थे। इसी दौरान अलीगढ़ की तरफ से आ रहे एक मैक्स ने टक्कर मार दी। इसकी सूचना भीमप्रकाश व शेखर ने थाना पुलिस को दी। सूचना पर परिवार के लोग भी मौके पर पहुंच गए। घायल रिंकू को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। चंद्रहंस तीन भाइयों में सबसे छोटे थे। इन्होंने अपने पीछे बेटा वैभव (08), यश (04), पुत्री दीक्षा (01) और पत्नी को छोड़ दिया।



पत्नी देवकी का रो–रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने मैक्स गाड़ी को कब्जे में लेकर चालक को हिरासत में ले लिया है।

## 126 की जांच में 3 मिले पाजिटिव

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सीएचसी पर दो दिन की हुई 126 लोगों की जांच में 3 लोग पाजिटिव पाए गये हैं! यह जानकारी अधीक्षक डा0 संजय दुबे ने दी है! उन्होंने बताया कि पाजिटिव पाए जाने वालों में ग्राम पंचायत सरोखनपुर के हिमांशु, ग्राम हकारपुर की तारा देवी पत्नी अमरजीत तथा ग्रामपंचायत औंका की अंजली पत्नी सर्वेश हैं! अधीक्षक डा0 दुबे ने बताया कि डेंगू पाजिटिव पाए जाने वालों की संख्या अब दिन प्रति दिन कम होती जा रही है!

## थाना खेतासराय पुलिस द्वारा शातिर वांछित अभियुक्त को नाजायज गाजा व अवैध तमंचा के साथ किया गया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय कुमार साहनी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर द्वारा जनपद में अपराध की रोक थाम व अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे सघन अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर डा0 संजय कुमार के दिशा निर्देशन व क्षेत्राधिकारी शाहगंज जौनपुर श्री चोब सिंह के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष यजुवेंद्र कुमार सिंह मय हमराह पुलिस बल द्वारा चेकिग के दौरान थाना शाहगंज पर पुलिस मुठभेड़/गोवध में वांछित चल रहे शातिर अभियुक्त मो0 दिलशाद पुत्र स्व0 मुस्लिम निवासी रानी मऊ थाना खेतासराय जनपद जौनपुर को गाजा व एक अदद नाजायज तमंचा मय कारतूस के साथ रानी मऊ नहर के पास से दिनांक 24/10/2022 को समय करीब 17:05 बजे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0 अ0सं0 206/2022 धारा 8 /20 एनडीपीएस एक्ट व मु0अ0सं0–207/2022 धारा–3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है । दिनांक 26.09.2022 को पुलिस मुठभेड़ में अभियुक्त हारून पुत्र तैयाब निवासी ओढ़नपुर थाना सरपतहा जौनपुर को गिरफ्तार किया गया तथा उक्त अभियुक्त मो0 दिलशाद भागने में सफल हो गया था, जिसकी गिरफ्तारी की गयी है। गिरफ्तार अभियुक्तः– 1. मो0 दिलशाद पुत्र स्व0 मुस्लिम निवासी रानी मऊ थाना खेतासराय जनपद जौनपुर बरामदगी का विवरण– 1. 1 किलो 300 ग्राम नाजायज गाजा 2. एक नाजायज तमंचा 315 बोर 3. एक जिंदा कारतूस 315 बोर 4. एक मो0सा0 UP 62 BV 0 896 आपराधिक इतिहास– 1.मु0अ0सं0 206/2022 धारा 8þ20 एनडीपीएस एक्ट थाना खेतासराय जौनपुर । 2.मु0अ0सं0 207/2022 धारा 3þ25 आर्म्स एक्ट थाना खेतासराय जौनपुर । 3. मु0अ0सं0 105/2022 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना खेतासराय जौनपुर




। 4.मु0अ0सं0 58/2022 धारा 3/5A/8 उ0 प्र0 गोवध निवारण अधिनियम थाना खेतासराय जनपद जौनपुर 5. मु0 अ0 सं0 37/2022 धारा 3(1) उ0 प्र0 गैंगस्टर एक्ट थाना खेतासराय जनपद जौनपुर 6.मु0अ0सं0 151/2021 धारा 3/5A/8 उ0 प्र0 गोवध निवारण अधिनियम व 11पशु कुरता अधिनियम थाना खेतासराय जनपद जौनपुर 7.मु0 अ0 सं0 1528 / 2017 धारा 3/5A/8 उ0 प्र0 गोवध निवारण अधिनियम व 419 420 467 468 471 307 427 भादवि थाना शाहगंज जनपद जौनपुर 8. मु0अ0स01871/2017 धारा 3/5A/8 उ0 प्र0 गोवध निवारण अधिनियम व 11 पशु कुरता अधिनियम थाना खेता सराय जौनपुर 9.मु0अ0स0 531/2017 धारा 147 148 149 307 323 352 506 भादवि व 7ClA ACT थाना खेतासराय जनपद जौनपुर 10. मु0अ0 सं0 93 / 2021 धारा 406 भादवि थाना खेतासराय जनपद जौनपुर 11.मु0अ0सं0 264/2022 धारा 307 भा0 द0वि0थाना शाहगंज जौनपुर । 12.मु0अ0सं0 266/2022 धारा 3/5A/8 उ0प्र0 गोवध निवारण अधिनियम थाना शाहगंज जनपद जौनपुर । 13.मु0अ0सं0 74/2022 धारा 147,323,504,427 भा0 द0वि0 थाना खेतासराय जौनपुर। गिरफ्तारी करने वाली टीम के सदस्य– 1. यजुवेंद्र कुमार सिंह, थानाध्यक्ष थाना खेतासराय जौनपुर। 2.उ0नि0 शान मोहम्मद थाना खेतासराय जौनपुर। 3.हे0का0 मोहम्मद सलीम थाना खेतासराय जौनपुर। 4.का0 दिनेश यादव थाना खेतासराय जौनपुर। 5.का0 अमरनाथ यादव कां0 दिनेश सरोज, कां0 राजकुमार यादव कां0 संदीप कुमार थाना खेतासराय जनपद जौनपुर।

## अखिल भारतीय कायस्थ महासभा द्वारा कल निकलेगी भगवान चित्रगुप्त की शोभायात्रा

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : अखिल भारतीय कायस्थ महासभा द्वारा 27 अक्टूबर को 3 बजे भगवान चित्रगुप्त जी की एक विशाल शोभायात्रा नगर के टॉउन हाल के मैदान से चलकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए पॉलिटेक्निक चौराहा स्थित श्यामा पैलेस पर पहुंचेगी।इससे पूर्व रुहटा स्थित चित्रगुप्त धर्मशाला में स्थित भगवान चित्रगुप्तजी की आरती किया जाएगा। तदुपरांत विधि विधान से भगवान चित्रगुप्त की पूजा की जाएगी सभी चित्रांश बंधुओं से आग्रह है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में शोभायात्रा में पहुंच कर शोभा यात्रा की गरिमा को बढ़ाएं साथ ही एकजुट होकर सभी कायस्थ बंधुओं पूजा करें और अपने आराध्य देवता से आशीर्वाद प्राप्त करें। उक्त आशय की जानकारी जिला अध्यक्ष नीलमणी श्रीवास्तव व महासचिव सुरेश अस्थाना द्वारा एक विज्ञप्ति के माध्यम से दिया गया।

## ईएमटी अनिल कुमार तिवारी ने कराया सुरक्षित प्रसव

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। UP32BG9017 के EMT अनिल कुमार तिवारी ड्राइवर अरुण कुमार ने एंबुलेंस में ही महिला का सुरक्षित प्रसव कराया । सुमन ने 108 एंबुलेंस पर फोन किया जिसकी सूचना मिलने पर एंबुलेंस आलमबाग से लोकबंधु अस्पताल पहुंचती हैं और मरीज को क्वीन मैरी चिकित्सालय लेकर जाते समय गर्भवती महिला को आरडीएसओ पुल के पास प्रसव पीड़ा तेज होने पर एंबुलेंस को रास्ते मे रोककर म्डज अनिल कुमार तिवारी के द्वारा सुरक्षित प्रसव कराया गया। जहाँ गर्भवती महिला गूंजा



ने एक लड़की को जन्म दिया और तदुपरांत जच्चा– बच्चा को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदरनगर में भर्ती कराया। डॉक्टर ने दोनो को सुरक्षित बताया। उक्त जानकारी देते हुए ईएमटी अनिल कुमार तिवारी ने बताया कि मरीज को लोक बंधु अस्पताल से रिफर किया गया था।

## गोवर्धन पूजा कर लिया भगवान श्रीकृष्ण का आशीर्वाद

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि को गोवर्धन पूजा का पर्व मनाया गया ।इस पर्व का यह पर्व 26 अक्टूबर बुधवार को मनाया गया।लोगो ने गोवर्धन पूजा कर भगवान श्रीकृष्ण का आशीर्वाद प्राप्त किया । गोवर्धन पूजन में गायों की पूजा का भी विशेष महत्व होता है। ज्योतिष एवं तंत्र आचार्य डॉ शैलेश मोदनवाल ने पूजा विधि बताते हुए कहा कि गोवर्धन पूजा के दिन घर के आंगन में गोबर से भगवान कृष्ण और गोवर्धन पर्वत की आकृति बनाई गई। फिर पूजन के लिए रोली, चावल, खील, बताशे, जल, कच्चा दूध, पान, केसर, फूल और दीपक थाली में रखा गया । इसके बाद घर के पुरुष गोवर्धन महाराज को रोली, चंदन व हल्दी का तिलक लगाए और उन्हें केसर, पान, फूल अर्पित किए । फिर घी का दीपक जलाकर घर के सभी लोग गोवर्धन महाराज की सात बार परिक्रमां किए। इस दिन सुंदर पकवान और पूए का भोग लगाया गया। पौराणिक कथाओं के अनुसार द्वापर काल में भगवान श्रीकृष्ण ने इंद्र देवता के घमंड को तोड़कर समस्त गोकुलवासियों की उनके प्रकोप से रक्षा की थी। उस समय भगवान श्रीकृष्ण ने गोवर्धन पर्वत को एक उंगली पर उठाकर सभी गोकुलवासियों को बचाया था। इस प्रकार इंद्र का घमंड टूटा और उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण से माफी मांगी थी। तभी से गोवर्धन पूजा की परंपरा चली आ रही है। बुधवार को भी लोगो ने गोवर्धन पूजा कर भगवान श्री कृष्ण का आशीर्वाद प्राप्त किया है।

## सर्वार्थसिद्ध योग व अनुराधा नक्षत्र का संयोग होने से भैया दूज होगी विशेष फलदायी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : भैया दूज का सुखद पर्व 27 अक्टूबर दिन गुरूवार को विशेष संयोग में मिल रहा है। दिन में 02 बजकर 28 मिनट के उपरांत अनुराधा नक्षत्र के साथ सर्वार्थसिद्ध योग का पावन संयोग मिल रहा है जो विशेष फलदायी है। यह पर्व भाई–बहन के प्रेम के प्रतीक रूप में में कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष द्वितीया तिथि को मनाया जाता है। इस दिन यमुना अपने भाई यम से मिलने गई थी उन्हें स्वादिष्ट भोजन कराया था तभी से यह त्यौहार भाई–बहन के प्रतीक के रूप में मनाया जाने लगा है। ऐसी मान्यता है कि इस दिन यमुना में स्नान करके यम का पूजन करने वालों को यमलोक में नहीं जाना पड़ता है। ज्योतिष एवं तंत्र आचार्य डॉक्टर शैलेश मोदनवाल इस व्रत के विषय में स्कन्द पुराण का उदाहरण देते हुए कहते है कि इस व्रत को करके यमराज को तृप्त व प्रसन्न कर विधि–विधान से उनकी अर्चना करने वालों को मनोवांछित फल मिलता है घर में धन–धान्य के साथ ही दीर्घायुत्व की प्राप्ति होती है। ऐसा मानना है कि इस दिन भाई अपने बहन के घर जाकर बहन के हाथ से बनाए हुए भोजन को ग्रहण करते हैं, इससे भाई की उम्र बढ़ती है साथ ही उनके जीवन से कष्ट दूर होते हैं। गुरुवार को यह पर्व सर्वार्थसिद्ध योग व अनुराधा नक्षत्र में मनाया जाएगा जिससे विशेष फल की प्राप्ति होगी।

## तीन दोस्तों को पीटकर किया अधमरा : एक की मौत

प्रयागराज ब्यूरो : कैंट में देर रात पीट–पीटकर युवक की हत्या कर दी गई। महिला ग्राम इंटर कॉलेज के पास घटना हुई। अंकित यादव निवासी



शिवपुर होली टीपी नगर का निवासी है। यह अपने दो दोस्तों के साथ बाइक से शहर की ओर आ रहा था तभी घात लगाए बदमाशों ने एक पत्थर से हमला बोल दिया। बेतहाशा पिटाई में अंकित की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 2 साथी घायल हो गए हैं। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है हत्या की वजह अभी साफ नहीं है।

## पुलिस पर जबरदस्ती सुलह कराने आरोप : सिपाही ने मांगे सात हजार नहीं देने पर थाने बैठाया

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : स्थानीय तेजी बाजार थाने के नेवढ़िया गांव निवासी पति राम ने आरोप लगाया कि 2 दिन पूर्व सिकरारा थाने के दो सिपाही उनकी विवादित जमीन जिसका कोर्ट में मुकदमा चल रहा है विपक्षियों से मिलकर जबरदस्ती ऊपरी रखवाने का दबाव बनाने लगे जब पति राम ने मना कर दिया तो उनको थाने ले जाकर बैठा दिया ।और थाने के सिपाही ने सात हजार की मांग किया कहा पैशा दो तुम्हारे ऊपर कोई कार्रवाई नहीं करवाएंगे और दोनों की सुलह करवा देंगे पुलिस के इस बर्ताव से पतिराम बेहद भयभीत हो गया। किसी प्रकार 2 घंटे थाने में बैठाने के बाद पुलिस ने छोड़ दिया। पति राम ने इसकी शिकायत सीओ सदर एसपी उपाध्याय से किया है एसपी उपाध्याय ने बताया कि फोन से जानकारी मिली है मामले की जांच करवा कर कार्रवाई की जाएगी जो पुलिसकर्मी दोषी पाए जाएंगे तो उनको बख्शा नहीं जाएगा।

## थाना सरपतहाँ पुलिस ने 01 एन्ड्रायड मोबाईल के साथ 01 वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय कुमार साहनी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे सघन अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक नगर डा0 संजय कुमार के कुशल मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी शाहगंज श्री चोब सिंह के पर्यवेक्षण व थानाध्यक्ष सरपतहां श्री संजय कुमार सिंह के निर्देशन में कल दिनांक 25.10.2022 को उ0नि0 अनिल कुमार सिंह मय हमराह तलाश वांछित अपराधी के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर रामनगर मोड़ के पास से अभियुक्त राहुल विन्द पुत्र राधे निवासी ग्राम एकडला थाना सरपतहां जनपद जौनपुर को 01 ओप्पो एन्ड्रायड मोबाइल के साथ गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय जौनपुर के समक्ष भेजा जा रहा है। गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता– 1.राहुल



बिन्द पुत्र राधे निवासी ग्राम एकडला थाना सरपतहां जनपद जौनपुर उम्र करीब 27 वर्ष बरामदगी– 1.एक ओप्पो एन्ड्राइड मोबाइल IMEI N0– 862680054120718 व IMEI N0– 862680054120700 पंजीकृत अपराध– 1.मु0अ0सं0 249/22 धारा 376/504/506/452 भादवि व 67 आईटी एक्ट थाना सरपतहां जौनपुर। गिरफ्तारी/ बरामदगी करने पुलिस टीम 1.उ0नि0 अनिल कुमार सिंह थाना सरपतहाँ जौनपुर। 2. हे0का0 अंगद सिंह, कां रवीन्द्र प्रताप थाना सरपतहाँ जनपद जौनपुर।

## प्राथमिक विद्यालय रग्घूपुर में पांचवीं बार चोरी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : केराकत कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पंचायत बेहड़ा के पुरवा रग्घूपुर स्थित प्राथमिक विद्यालय चोरों के निशाने पर है। इस स्कूल में एक वर्ष के भीतर पांचवी बार चोरी हुई है। पुलिस से शिकायत करने के बाद भी कार्रवाई अब तक शून्य है। मंगलवार की रात एक बार फिर चोरों ने स्कूल के बाथरूम का पाँच दरवाजा और हजारों रुपये का सामग्री चोरी कर लिये। ग्राम प्रधान पुत्र दुर्गेश कुमार ने बताया कि स्कूल में लगातार हो रही चोरी की घटना से लोग परेशान है। पुलिस से शिकायत करने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं होती है न ही विभाग कोई एक्शन ले रहा है। उन्होंने बताया कि एक वर्ष के अंदर यह पांचवीं चोरी की घटना है। मंगलवार की रात चोरों ने एक बार फिर हजारों के सामान सहित 5 दरवाजा उखाड़ ले गए। बुधवार की सुबह ग्रामीणों ने घटना की जानकारी ग्राम प्रधान को दी। प्रधान ने लिखित शिकायत में बताया कि स्कूल बंद होने के बाद स्कूल परिसर के आस पास असमाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है। लगातार हो रही चोरी की घटना की शिकायत पुलिस में की गई है।

## दबंगो ने चाचा भतीजे को कट्टे की मुठिया व चाकू से मारकर किया घायल

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जलालपुर क्षेत्र के हुसेपुर गांव के पास मंगलवार की रात को दबंगो ने चाचा भतीजे को कट्टे की मुठिया तथा चाकू के वार से मारकर घायल कर दिया। हुसेपुर गांव निवासी अजय कुमार यादव पुत्र लालता प्रसाद यादव ने पुलिस को दिए तहरीर में आरोप लगाया है कि उक्त क्षेत्र के गयासपुर गांव निवासी नीरज सिंह पुत्र इंदु सिंह तथा रोहन कुमार देर रात को मेरी दुकान पर आए ।वे लोग



पानी का गिलास मांगने लगे ।गिलास नही होने के कारण जब मना किया तो वे लोग गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगे ।एक दबंग ने जहां कट्टे की मुठिया से अजय यादव के सिर पर वार किया टी दूसरे ने अजय के भतीजे सन्दीप पुत्र अरविंद यादव के ऊपर चाकू से वार कर घायल कर दिया ।शोर मचाने पर जब आस पास के लोग मौके पर आये तो वे दोनों बाइक लेकर भाग निकले ।घटना की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है ।घटना को लेकर क्षेत्र में काफी तनाव है ।अगर पुलिस सतर्क नही हुई तो दोनों पक्षों में विवाद बढ सकता है।

## नाली पर ढक्कन लगाने के विवाद में मारपीट : केस दर्ज

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : नगर पंचायत क्षेत्र में नाली के विवाद को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर आठ लोगों पर केस दर्ज कर कार्यवाही में जुटी हुई है! घटना मंगलवार की है! प्राथमिक विद्यालय हरिहरगंज में कार्यवाहक प्रधानाध्यापक अनिल कुमार स्वर्णकार ग्राम सरोखनपुर ने पुलिस को लिखित तहरीर दिया है की वह घर के सामने नाली ढकवाने के लिए मिस्त्री बुलाये थे! नाली ढकने का कार्य चल रहा था इसी दौरान रत्नेश, भूपेश, रुपेश पुत्रगण स्व0 चंद्रभान सेठ लाठी डंडा सरिया लेकर भद्दी भद्दी गाली देते हुए मारने पीटने लगे तथा जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गये! वहीं रत्नेश की तहरीर पर पुलिस ने घर में घुस कर मारने पीटने, बलवा सहित अन्य धाराओं में अनिल कुमार, शुभम, वैभव, अनन्या व अनिल की पत्नी के विरुद्ध मामला दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही में जुटी हुई है।

## क्षेत्राधिकारी केराकत गौरव कुमार शर्मा ने गरीबो असहायों एवं लाचारों में वितरण किया मिष्ठान्न

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : क्षेत्राधिकारी केराकत गौरव कुमार शर्मा ने दीपावली के त्योहार पर मूर्तजाबाद में सड़क किनारे बसे झोपड़ी में गरीबो को मिष्ठान्न वितरण कर साहसिक कदम उठाया है वही मुफ्तीगंज चौकी प्रभारी एस पी पांडेय ने कन्हौली गांव के मुसहरों में मिष्ठान्न वितरण कर पवित्र दीपावली मनाई जिससे और अधिकारियों एवम कर्म चारियो में गरीबो के प्रति सहानुभूति एवम चेतना जाग्रित हो और सुंदर कार्य करने की क्षमता विकसित होकर वे भी मार्ग दर्शन करें क्योकि बेबस , लाचार ,पीड़ितों एवम असहायों की जिंदगी में काम आने वाले पुरुषों की मदद ईश्वर करते है देने वाला तो कोई और होता है आप तो एक मात्र उनके सहारा होते है मिष्ठान्न वितरण के समय उनके साथ मधुसूदन पांडेय ,बृजेश पांडेय ,रजत पांडेय ,अरविंद कुमार एवम अरविंद जी रहे।

## बाइक से गिरी महिला : हालत गंभीर जिला अस्पताल रेफर

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : नगर के मोती नगर निवासी उर्मिला सोनी (45)अपने बेटे रामराज सोनी के साथ मंगलवार को बाइक से डामरुआ गई थी। रात आठ बजे वापस लौटते समय छाछों मोड़ पर अचानक बाइक असन्तुलित होकर सड़क के बगल खड़ी बुलेट से भिड़ गई। भिड़ंत इतनी तेज थी कि महिला बाइक से उछलकर बीच सड़क पर जा गिरी। जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आई। अगल बगल के लोगों ने पुलिस को सूचना दी ।सूचना पाकर कोतवाल देवानंद रजक, एस आई सकलदीप सिंह मौके पर पहुंचे। एंबुलेंस की सहायता से उसे सीएचसी भेजवाया। जहाँ चिकित्सक ने उसकी हालत गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। परिजनों के अनुसार जिला अस्पताल में महिला की हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है।

## पुलिस ने एक वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जफराबाद थाने की पुलिस ने थाना क्षेत्र के सरैयां गांव से एक वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। उक्त वारंटी पुराने मुकदमे में काफी दिनों से न्यायालय में उपस्थित नही हो रहा था। जफराबाद थानाध्यक्ष ने अपने हमराहियों के साथ मंगलवार को थाना क्षेत्र के सरैयां गांव निवासी अरविंद कुमार पुत्र अशोक कुमार को उसके घर से तड़के भोर में गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष जफराबाद राजाराम द्विवेदी ने बताया कि अरविंद कुमार के विरुद्ध पुराने मुकदमे में न्यायालय में उपस्थित न होने के वजह से न्यायालय द्वारा वारंट जारी हुआ था। जिसका अनुपालन करते हुए उक्त वारंटी को उसके घर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

## चुनाव प्रक्रिया का अनुपालन न करने का सीनियर रेजीडेंट का आरोप

अलीगढ़ ब्यूरो : अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी (एएमयू) शिक्षक संघ चुनाव में सीनियर रेजीडेंट (एसआर) के लिए नया पेच फंस गया है। 90 में से 33 एसआर ने अमुटा सचिव को सदस्यता निरस्तीकरण का आवेदन किया था, जबकि यह आवेदन चेयरमैन के जरिये वित्त अधिकारी के पास जाना चाहिए था। एसआर पर प्रक्रिया का अनुपालन न करने का आरोप लगा है। शिक्षक संघ चुनाव न होने की वजह एसआर को बताया जा रहा था। इसके बाद 33 एसआर ने चुनाव प्रक्रिया से खुद को अलग करके शिक्षक संघ के सचिव को पत्र लिखकर वेतन से स्टाफ एसोसिएशन का सदस्यता शुल्क काटने के लिए आवेदन किया। नियमानुसार, यह आवेदन चेयरमैन के जरिये वित्त अधिकारी के पास आना चाहिए था। 57 एसआर ने अभी तक अपना रुख स्पष्ट नहीं किया है। चुनावी प्रक्रिया लंबी खिंच सकती है। इससे पहले एसआर या शिक्षक हैं या नहीं, का मुद्दा उठने के बाद कुलपति ने चार सदस्यीय कमेटी बना दी। कमेटी ने चार मांगें रखी थीं। एक चुनाव प्रक्रिया रद्द की जाए। दूसरा एसआर शिक्षक हैं, तीसरा वित्त अधिकारी अनंतिम मतदाता सूची प्रदान करें। चौथा जनरल बॉडी मीटिंग करके चुनाव प्रक्रिया शुरू की जाए। एसआर के सदस्यता निरस्तीकरण का आवेदन अमुटा सचिव को प्रेषित होने के साथ चेयरमैन या डीन के जरिये वित्त अधिकारी को जाना चाहिए था। बाकी 57 एसआर का भी रुख स्पष्ट होना चाहिए। जब नियमानुसार प्रक्रिया अपनाई जाएगी, फिर चुनाव होंगे। –प्रो. बीबी सिंह, मुख्य चुनाव अधिकारी, एएमयू।

## कमरे में फंदे से लटका मिला पति–पत्नी का शव : आपस में हुआ था विवाद

महराजगंज ब्यूरो : महराजगंज जिले के बरगदवां थाना क्षेत्र के रमगढवां गांव में छत की कुंडी में साड़ी के फंदे से पति–पत्नी का शव लटकते हुए मिला। दोनों के बीच आपसी विवाद के बाद आत्महत्या करने की आशंका जाहिर की जा रही है। पुलिस घटना स्थल की जांच कर कारणों की जानकारी हासिल करने में जुटी है। बरगदवां थाना क्षेत्र के ग्राम सभा रमगढवां निवासी सुनील (24) व उसकी पत्नी मनीषा (22) का का शव का बुधवार सुबह को कमरे में फंदे से लटका हुआ मिला। कमरे में चावल एवं कुछ अन्य सामान बिखरा हुआ था। बुधवार की सुबह करीब आठ बजे सुनील के बाबा रामधनी खेत से जब घर आए तो घर का दरवाजा बंद देख कई बार आवाज लगाया, लेकिन घर के अंदर से कोई जवाब न मिलने पर फाटक खोलकर जब अंदर गए, तो सीढ़ी के पास छत की कुंडी से साड़ी के फंदे से शव लटकता देख बदहवास होकर चिल्लाते हुए घर से बाहर निकले।



इसके बाद ग्रामीणों की भारी भीड़ जुट गई, वहीं किसी ने इसकी सूचना बरगदवां पुलिस को दी। मौके पर पुलिस पहुंचकर जांच पड़ताल की। नौतनवां सीओ अनुज कुमार सिंह ने बताया कि जांच के दौरान प्रथमदृष्टया मामला पति–पत्नी में विवाद के बाद आत्महत्या प्रतित हो रहा है। शव का पंचनामा कराकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## खाद न मिलने से किसान परेशान

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सहकारी समितियों पर डीएपी व यूरिया सहित अन्य खाद नदारद है। किसान समितियों का चक्कर लगाने के बाद मायूस होकर घर लौट रहै। सरकारी गोदामों पर डीएपी न मिलने से किसान निजी दुकानदारो में अधिक मूल्य पर खरीदने के लिए विवश हैं। बाजारों में भी डाई बड़ी मुश्किल से मिल रही है प्रशासन को लोग किसानों को गोष्ठी में जागरूक कर रहे हैं। उनकी सुविधाओं पर नजर रखी जा रही है ।आलू के साथ अन्य बुआई शुरू हो गई है। समितियों पर अभी तक खाद उपलब्ध नहीं हैं। साधन सहकारी समिति रजनीपुर, केवटलीकला में खाद नही है डीएपी न मिलने से किसानों में मायूसी छायी है। किसान सच्चिदानंद का कहना है कि आलू, सरसों, चना, मटर की बुआई शुरू हो गई। खाद न मिलने बुआई नहीं हो पा रही है। समितियों पर खाद का अभाव है। साधन सहकारी सीमित रजनीपुर के सचिव वीर बहादुर सिंह ने बताया कि एक बार कुछ पैकेट खाद आई थी बिक्री हो गई मैंने कई बार खाद की मांग की परंतु खाद नहीं उपलब्ध हो रहा है अभी खाद का अभाव है खाद आते ही वितरण किया जायेगा।

# श्री रामजन्म भूमि ट्रस्ट के पदाधिकारी व इंजीनियर के मुताबिक दिसंबर 23 तक बन कर तैयार हो जायगा राम मंदिर

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : अयोध्या में श्री रामजन्म भूमि पर हो रहे राम मंदिर का निर्माण दिसंबर 23 तक बन कर तैयार हो जायेगा। वही वर्ष 2024मे मकर संक्रांति के दिन प्रभु श्री राम अपने गृभगृह में विराजमान हो जायेंगे। मंगलवार को यह बातें राम जन्म भूमि ट्रस्ट के पदाधिकारी व इस मंदिर का निर्माण कार्य करा इंजीनियर ने बतायी।निर्माणाधीन राम मंदिर की प्रगति और विकास के पीएम मोदी द्वारा स्थलीय अवलोकन के 42 घंटे बाद श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने मीडिया को परिसर में आमंत्रित कर राम मंदिर निर्माण की प्रगति दिखाई और विस्तार से जानकारी दी कि इस मंदिर को बनाने के लियेध कैसे नींव और फाउंडेशन तैयार किया गया तथा अब वर्तमान में कैसे रामलला का गर्भगृह और प्रदक्षिणा पथ आकार ले रहा है। इस संबंध में कार्यदाई संस्था के इंजीनियरों समेत ट्रस्ट पदाधिकारियों ने निर्माण लक्ष्य के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी।ट्रस्ट के आमंत्रण पर 11:00 बजे विभिन्न मीडिया के प्रतिनिधि श्री राम जन्मभूमि परिसर पहुंचे और सभी ने राम मंदिर निर्माण के प्रगति का स्थलीय अवलोकन किया। इस दौरान मीडिया कर्मियों में सेल्फी लेने तथा फोटो खिंचवाने की भी होड़ रही। कार्यदाई संस्था लार्सन एंड टूब्रो के स्ट्रक्चरल इंजीनियर गिरीश सहस्त्रभोजनी तथा ट्रस्ट सदस्य डॉ अनिल मिश्र ने बताया कि प्लिंथ का कार्य पूरा होने के बाद राजस्थान के लाल बलुआ पत्थर से बनने वाले राम मंदिर के गर्भ गृह का निर्माण शुरू हो गया है।कार्यशाला में तराश कर रखे गए पत्थरों से गर्भगृह और प्रदक्षिणा की दीवार बनाई जा रही है। अष्टकोणीय आकार में बनने वाले गर्भगृह में मकराना मार्बल सफेद संगमरमर के नक्काशीदार कुल 8 स्तंभ लगेंगे। दो स्तंभ खड़े हो गए हैं। जहां पर ताबे की पाइप लगी है वहीं पर दो ढाई फीट का सफेद संगमरमर का फाउंडेशन तैयार कर इस पर पत्थर पर बनने वाली 3 फीट ऊंची



रामलला की मूर्ति स्थापित की जाएगी। सबसे मजबूत माने जाने वाले कर्नाटक और आंध्र के ग्रेनाइट मार्बल से तैयार प्लिंथ के ऊपर अभी 2 फीट मोटी नक्काशीदार सफेद संगमरमर की फर्श बनाई जानी है।गर्भग्रह का आकार 380 वर्ग फीट का होगा। सबसे आगे नृत्य मंडप और सबसे पीछे गुडी मंडप होगा। गुडी मंडप से ही दर्शन के लिए दरवाजा खुलेगा और श्रद्धालु भीतर जाकर रामलला का दर्शन कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि राम मंदिर से 27 मीटर दूर बनने वाला परकोटा 14 फीट चौड़ा होगा। परकोटे में दक्षिण और उत्तर की तरफ जमीन के भीतर भी एक तल का निर्माण कराया जाएगा,जबकि पूरब और पश्चिम में जमीन के नीचे निर्माण नहीं होना है। विष्णु पंचायतन की स्थापना के मद्देनजर गर्भगृह में विष्णु के स्वरूप रामलला विराजमान रहेंगे तो चारों कोनों पर गणेश, शिव, दुर्गा और सूर्य भगवान का मंदिर बनाया जाएगा। परकोटे में हनुमान जी भी विराजमान होंगे। मंदिर के एक तरफ सीता रसोई का निर्माण होगा जहां अन्नपूर्णा माता विराजेगी। डॉ मिश्र ने बताया कि दिसंबर 2023 तक मंदिर के तीनों तल का निर्माण पूरा कर लिया जाएगा। निर्माण कार्य की शुरुआत से अब तक कुल कार्य का 40–45 फीसदी निर्माण कार्य संपन्न हो चुका है।

# मर्चेंट नेवी के पूर्व कर्मचारी की हत्या कर शव नहर में फेंका : शरीर पर मिले धारदार हथियार के निशान

लखनऊ ब्यूरो : मर्चेंट नेवी से रिटायर एक बुजुर्ग की हत्याकर हत्यारे शव को मोहनलालगंज के बिलहिया खेड़ा के पास नहर में फेंककर फरार हो गए। बुधवार सुबह शव मिलने हड़कंप मच गया। लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने नहर से शव को निकाला। मृतक के पास मिली पर्स से शव की शिनाख्त की गई। पुलिस ने पर्स में मिले नंबरों से मृतक के परिजनों को सूचित किया। पुलिस के मुताबिक मोहनलाल गंज के बिलहिया खेड़ा के पास बुधवार सुबह ग्रामीणों ने सड़क के किनारे खून से लथपथ बुजुर्ग का शव पड़ा देखा। मृतक की गर्दन पीछे से किसी धारदार हथियार से काटी गई है। मृतक के दाये हाथ पर धारदार हथियार के गहरे घाव है। लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नहर से निकालकर मृतक के कपड़ों की तलाशी ली। मृतक की पैन्ट की जेब से मिले पर्स में पैन कार्ड, आधार कार्ड और कुछ फोन नंबर व दस हजार रुपये बरामद हुए। आधार कार्ड में मृतक का नाम नंदलाल कामता प्रसाद तिवारी और पता हरिकृष्ण रोड, चौतन्य नगर, मुंबई लिखा है। पुलिस ने मिले फोन नंबरों पर घटना की जानकारी मृतक के परिवार को दे दी है।



पुलिस ने बताया कि मृतक बुजुर्ग मूल रूप से रूपनगर जौनपुर का रहने वाला है और सर्विस के दौरान मुबंई में बस गया था लेकिन पारिवारिक कारणों से वह अभी सुल्तानपुर रोड गोसाईगंज में किराए पर रहता था। इंस्पेक्टर कुलदीप दुबे ने बताया कि बुजुर्ग की हत्या कर शव लाकर मोहनलालगंज मे फेंका गया है। मौके पर संघर्ष के न तो निशान मिले न ही खून बिखरा मिला है। मृतक के परिवार को घटना की सूचना दी गई है। परिवार के लोगों के आने के बाद दी गई तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा व हत्या का जल्द खुलासा किया जाएगा।

# रंगबाजी में बाइकर्स गैंग ने पूर्व एएमयू छात्र समेत दो पर की फायरिंग : हालत गंभीर

अलीगढ़ ब्यूरो : मंगलवार की देर रात महानगर के सेंटर प्वाइंट चौराहे पर बाइकर्स गैंग से किसी बात को लेकर हुई कहासुनी के विवाद में गैंग सदस्यों ने रामघाट रोड पर पूर्व एएमयू छात्र को घेर लिया। रंगबाजी को लेकर उस पर फायरिंग कर दी। इसमें पूर्व एएमयू छात्र के सीने में गोली लगी है, जबकि उसके साथी को पैर में गोली लगी है। दोनों को गंभीर हालत में जेएन मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। पुलिस घटनास्थल पर मौजूद चश्मदीद की निशानदेही पर हमलावरों की तलाश में जुट गई है। इसके लिए तीन टीमें गठित की गई हैं। वारदात की खबर पर एसएसपीए एसपी सिटी समेत तमाम आला अधिकारी जेएन मेडिकल कॉलेज पहुंच गए। घटनाक्रम के अनुसार क्वार्सी थाना क्षेत्र के स्वर्ण जयंती नगर निवासी एएमयू के पूर्व छात्र कुशाग्र शर्मा उर्फ सीपू पुत्र कमल शर्मा मंगलवार की रात करीब 10 बजे अपने दोस्त शिवांग और शुभम आदि के साथ सेंटर प्वाइंट चौराहे के पास स्थित सिटी सेंटर पर घूमने गए थे। वहां सभी दोस्त आपस में बातचीत कर रहे थे, तभी उनकी वहां से गुजर रहे दबंग बाइकर्स गैंग से जुड़े कुछ सदस्यों से किसी बात पर कहासुनी हो गई। इससे दोनों के बीच में विवाद हो गया। हालांकि उस वक्त कुछ लोगों ने हस्तक्षेप कर मामले को रफा–दफा करा दिया। बताते हैं कि इसके बाद कुशाग्र उर्फ सीपू, शिवम और शिवांग वहां से रामघाट रोड स्थित किशनपुर तिराहे के पास आ गए। वहां तीनों एक अंडे की ढकेल के पास खड़े हुए थे, तभी उनका पीछा करते हुए कार, स्कूटी और बाइक पर पहुंचे आधा दर्जन से अधिक



दबंग बाइकर्स गैंग के सदस्यों ने तीनों को घेर लिया। आरोप है कि हमलावरों ने पहुंचते ही तीनों पर कई राउंड फायरिंग की और बेल्टों से भी मारपीट की। इसी बीच किसी तरह शिवांग वहां से भागने में सफल रहा जबकि हमलावरों की फायरिंग में एक गोली कुशाग्र उर्फ सीपू के सीने में जा लगी जबकि शुभम वार्ष्णेय पुत्र राजीव (जलाली स्वीट्स वाले) के पैर में गोली लग गई। ताबड़तोड़ फायरिंग से रामघाट रोड पर खलबली मच गई। इस बीच कुछ लोगों ने हमलावरों को पकड़ने की कोशिश की, लेकिन वह हवाई फायरिंग करते हुए भागने में सफल रहे। वारदात की खबर पर इलाकाई पुलिस मौके पर पहुंच गई। पहले गंभीर रूप से घायल कुशाग्र उर्फ सीपू और शुभम को जेएन मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया, जहां दोनों की हालत नाजुक बताई गई है। सीओ सिविल लाइंस श्वेताभ पांडेय ने बताया कि चश्मदीद के अनुसार एक हमलावर युवक की पहचान कर ली गई है, जबकि उसके अन्य साथियों की पहचान के साथ धरपकड़ के प्रयास किए जा रहे हैं। इसके लिए तीन टीमें गठित की गई हैं। इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरे भी खंगाले जा रहे हैं। रात करीब एक बजे एसएसपी कलानिधि नैथानी, एसपी सिटी कुलदीप गुनावत भी जेएन मेडिकल कॉलेज पहुंचे और घायलों से घटना की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि हमलावर जल्द पकड़े जाएंगे।

# पत्नी लगा रही थी फांसी और पति मोबाइल से बनाता रहा उसका वीडियो : लगा हत्या का आरोप

कानपुर ब्यूरो : कानपुर में हनुमंत विहार थाना क्षेत्र के गुलमोहर विहार उस्मानपुर में मंगलवार को संदिग्ध परिस्थितियों में महिला का शव फंदे से लटकता मिला। इससे पहले जब महिला खुदकुशी करने जा रही थी, तो पति ने कमरे से उसका वीड़ियो बना लिया। पति को वीडियो बनाता देख महिला फंदे से नीचे उतर आई और कुछ देर बाद वहीं पर फंदे से लटकी मिली। सूचना पर पहुंचे मायके वालों ने पति पर हत्या का आरोप लगाया है। हनुमंत विहार पुलिस और फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य एकत्र किए हैं। गुलमोहर विहार निवासी संजीव गुप्ता प्राइवेट नौकरी करते है। पांच वर्ष पूर्व किदवई नगर निवासी शोभिता गुप्ता से विवाह हुआ था। दोनों की ढ़ाई वर्ष की एक बेटी है। संजीव के मुताबिक सोमवार को दंपत्ति में किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया था। इसके बाद शोभिता ने अंदर से कमरा बंद कर खुदकुशी का प्रयास किया। इसका संजीव ने कमरे में ही वीडियो बना लिया और कहा कि यह वीडियो तुम्हारे घर वालों को भेजूंगा कि तुम इस तरह का काम करती हो। इतना सुन शोभिता नीचे उतर आई। इसके बाद दोनों लोगों में छत पर विवाद होता रहा। कुछ देर बाद शोभिता नीचे कमरे में आई और पंखे के सहारे फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली।



संजीव जब नीचे आयर, तो शोभिता का शव फंदे से लटका देख उसे नीचे उतारा और निजी अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर शोभिता के मायके वाले पहुंचे और पति पर हत्या कर शव फंदे से लटकाने का आरोप लगाया है।एसीपी गोविंद नगर विकास कुमार पांडेय ने बताया कि फॉरेंसिक टीम ने घटना स्थल का निरीक्षण किया। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। अभी मायके पक्ष की तरफ से कोई तहरीर नहीं मिली है। यदि तहरीर मिलती है, तो मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# आज से 50 रुपये में मिलेगा प्लेटफॉर्म टिकट : छह नवंबर तक लागू रहेंगी नई दरें

लखनऊ ब्यूरो : उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल प्रशासन ने एक बार फिर से प्लेटफॉर्म टिकट की दर महंगी कर दी गई है। 30 रुपये से 50 रुपये की नई दर बुधवार से लागू होगी और छह नवंबर तक रहेगी। दरअसल रेलवे प्रशासन ने भीड़ को नियंत्रित करने और सुरक्षा के नाम पर गत 1 अक्टूबर को 10 रुपये का प्लेटफॉर्म टिकट 30 रुपये का कर दिया था। यह दर 5 नवंबर तक के लिए थी लेकिन स्टेशन पर बढ़ रही भीड़ और आगामी त्योहारों को ध्यान में रखते 26 अक्टूबर से 6 नवंबर तक मंडल के महत्वपूर्ण स्टेशनों लखनऊ, वाराणसी जं, बाराबंकी जं, अयोध्या कैंट, अयोध्या, अकबरपुर, शाहगंज, जौनपुर जं, सुल्तानपुर जं, रायबरेली, जंघई, भदोही, प्रतापगढ़ एवं उन्नाव पर प्लेटफार्म टिकट 50 रुपये प्रतिव्यक्ति कर दिए हैं ताकि केवल आवश्यक यात्रियों का ही स्टेशन एवं प्लेटफार्मो पर आगमन हो तथा अनावश्यक भीड़भाड़ को रोका जा सके। मंडल रेल प्रबंधक सुरेश




कुमार सपरा ने बताया कि यात्री सुविधा के तहत मंडल पर प्लेटफार्म टिकट के मूल्य का पुनर्निर्धारण किया जा रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि आगामी त्योहारों को दृष्टिगत रखते हुए यात्री सुविधाओं को एक सुनियोजित तरीके से प्रारंभ करने की व्यवस्थाएं अमल में लाई जा रही हैं।

# हर दिन पांच अस्पतालों का करना होगा निरीक्षण : सीएमओ के लिए महानिदेशक का निर्देश

लखनऊ ब्यूरो : प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए सभी मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी हर दिन चार से पांच अस्पताल का निरीक्षण करेंगे। उसी दिन शाम तक निरीक्षण संबंधी रिपोर्ट महानिदेशालय को भेजेंगे। इस संबंध में महानिदेशक डॉक्टर लिली सिंह ने मंगलवार को निर्देश दिया है। सभी मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को भेजे निर्देश में कहा है कि अस्पतालों में आधारभूत सुविधाओं के साथ मरीजों की देखरेख और दवाओं की व्यवस्था मुकम्मल होनी चाहिए। हर अस्पताल की मॉनिटरिंग की जाए। इसके लिए सभी मुख्य चिकित्सा अधिकारी हर दिन कम से कम चार से पांच अस्पताल का निरीक्षण करें। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में डॉक्टरों व दवाओं का नाम दर्ज है अथवा नहीं इस पर रिपोर्ट बनाएं। इसी तरह भर्ती मरीजों से बातचीत कर फीडबैक लेने, दवाओं की व्यवस्था देखने, पेयजल सफाई व्यवस्था देखने, स्ट्रेचर व व्हीलचेयर की व्यवस्था आदि पर अनिवार्य रूप से रिपोर्ट बनानी होगी। रिपोर्ट में निरीक्षण के दौरान पाई गई कमियां भी बतानी होगी।। अगले राउंड के निरीक्षण के दौरान यह भी देखना होगा कि पहले निरीक्षण में पाई गई कमियां कितनी दूर हो पाई और कितनी रह गई हैं। जिन कमियों को



दूर नहीं किया जा सका उनकी वजह भी बतानी होगी। उपमुख्यमंत्री के निरीक्षण में मिली थी खामियां उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने पिछले दिनों कई अस्पतालों का निरीक्षण किया था। इस दौरान आधारभूत सुविधाओं का अभाव मिला था। इसे लेकर उपमुख्यमंत्री ने नाराजगी जताई थी। 2 दिन पहले हुई समीक्षा बैठक में भी उन्होंने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को व्यवस्था सुधारने की हिदायत दी थी। उन्होंने सख्त चेतावनी दी थी कि यदि अस्पतालों में व्यवस्थाएं दुरुस्त नहीं हुई तो जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## किराने की दुकान पर बैठे बड़े भाई पर छोटे ने बांट से किया हमला : मौत

रायबरेली ब्यूरो : रायबरेली जिले के बछरावां कोतवाली क्षेत्र के हसनपुर गांव में बुधवार की सुबह छोटे भाई ने बड़े भाई की हत्या कर दी। हत्या की वारदात से सनसनी फैल गई। वारदात को अंजाम देने के बाद हत्यारोपी फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बाद में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। हसनपुर गांव निवासी गोपीचंद्र गुप्ता (48) गांव में ही घर के नीचे किराने की दुकान करता था। बुधवार की सुबह प्रतिदिन की भांति गोपीचंद्र करीब 6 बजे दुकान खोल कर बैठा था तभी उसका छोटा भाई महाराजदीन (40) बीड़ी लेने के लिए दुकान पर आया। इसी दौरान दोनों में किसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद से आक्रोशित होकर छोटे भाई महाराजदीन ने वहीं पर रखे दो किलो के बांट से बड़े भाई गोपीचंद्र गुप्ता के सिर पर कई प्रहार कर दिए। प्राणघातक हमले में गोपीचंद्र गुप्ता की मौके पर ही मौत हो गई। ग्रामीणों के मुताबिक आरोपी महाराजदीन दिल्ली में रहकर मजदूरी का कार्य करता था। दिल्ली में उसने एक मजदूर साथी की हत्या कर दी थी जिसमें उसे बारह वर्ष की सजा हो गई थी। सजा काटने के बाद वह गांव आकर रह रहा था। गोपीचंद्र की मौत से संतराम (21), सरिता (19) के सिर से पिता का साया छिन गया है। पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी




महाराजदीन को हरदोई और महाराजगंज के बीच से गिरफ्तार कर लिया है। कोतवाल जगदीश यादव ने कहा कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। जांच की जा रही है कि आखिर दोनों भाइयों में किस बात को लेकर विवाद हुआ था।

# गोले से निकली चिंगारी ने दो गरीबों की रोजी रोटी का लीला सहारा

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : जाना बाजार के हैदरगंज बाजार में गोले से निकली चिंगारी ने दो गरीबों की रोजी रोटी का सहारा लील लिया। चिंगारी से लगी आग से देखते देखते ही दोनों दुकाने जलकर खाक हो गई। सुबह जानकारी होने पर पहुंचे व्यवसाई कलेजा थाम कर अपनी किस्मत पर आंसू बहाते हुए चुप मारकर बैठ गए। अपनी रोजी–रोटी के सहारे के लिए मददगारों की निगाहें देख रहे हैं ।परंतु अभी तक किसी ने कोई मदद नहीं दी। थाना क्षेत्र हैदरगंज के मुख्य बाजार में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के पास सोनू पुत्र अशोक निवासी हैदरगंज जो अपनी छोटी मोटी दुकान छप्पर रखकर चोखा बाटी की दुकान दूसरे विजय बहादुर शर्मा पुत्र रामदेव शर्मा जो लकड़ी की गिमटी में सैलून की दुकान करके अपने परिवार बच्चों का भरण पोषण बरषो सेकरते थे। उन्हें क्या पता दीपावली की रात उनके लिए पहाड़ बनकर टूटेगी और रोजी रोटी का सहारा छिन जाएगा। पीड़ित ने बताया कि सुबह मंगलवार को उसे जानकारी मिली तो आ करके देखा आसपास के लोगों से पूछताछ किया किसी ने कुछ जानकारी नहीं दे पाई सभी ने बताया की दुकान आग से जल गई। किसी ने किसी को आग लगाते भी किसी को नहीं देखा। आतिशबाजी के दौरान गोले से आग लगने की शंका जाहिर की।पारिवारिक आर्थिक हालात ठीक नहीं है । कि अपनी निजी कहीं दुकान और स्थापित कर सकें। ऐसी परिस्थिति में एकमात्र यह परिवार की जिविकोपार्जन का सहारा था। इसकी जानकारी ग्राम प्रधान जिला पंचायत सदस्य सहित स्थानीय जिम्मेदार लोगों को दी है ।कई लोगों ने मदद करने का आश्वासन दिया है । परंतु अभी तक कहीं से कुछ मिला नहीं है। इस संबंध में थानाध्यक्ष से जाने पर थाना अध्यक्ष अशोक कुमार यादव ने बताया किसी ने कोई तहरीर सूचना नहीं दी है जो मेरे संज्ञान में नहीं है। तहरीर मिलने पर कार्यवाही की जाएगी।

## बेसिक शिक्षकों व कार्मिकों की बैठक 30 को

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : बेसिक शिक्षा विभाग के सभी शिक्षक, विशेष शिक्षक, शिक्षामित्र, अनुदेशक, रसोइयां, अनुचर, लिपिक, लेखाकार, संविदाकर्मी आदि बेसिक शिक्षा विभाग में कार्यरत समस्त कर्मियों को एक मंच पर लाने के उद्देश्य से समस्त शिक्षकों व कार्मिकों की एक अति आवश्यक बैठक 30 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे से विनोद श्रीवास्तव की अध्यक्षता में अयोध्या में आयोजित की गयी है ! उक्त जानकारी देते हुए बैठक के आयोजक विनोद श्रीवास्तव ने बताया कि आज बेसिक शिक्षा विभाग का प्रत्येक शिक्षक व कर्मचारी किसी न किसी विभागीय समस्या से परेशान है तथा उसके निराकरण के लिए अलग अलग संगठनों के माध्यम से प्रयासरत है, लेकिन यदि बेसिक शिक्षा परिवार के सभी सदस्य मांगों को लेकर एक साथ एक मंच पर संघर्ष करें तो समस्या का निराकरण जल्द हो सकता है ! इसी लिए 30 अक्टूबर 2022 को दोपहर 12 बजे से अयोध्या में प्रदेश स्तरीय बैठक बुलायी गयी है ! जिसमें उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षक शिक्षणेत्तर कर्मचारी संघ के नाम से एक नया संगठन बनाकर प्रदेशस्तरीय पदाधिकारियों की नियुक्ति करके संस्था का रजिस्ट्रेशन करवाने समबन्धी आगे की कार्यवाही की जायेगी ! श्री विनोद श्रीवास्तव ने बेसिक शिक्षा विभाग के सभी शिक्षकों, विशेष शिक्षकों, शिक्षामित्रों, अनुदेशकों, अनुचरों, लिपिकों, लेखाकारों सहित सभी नियमित व संविदा कर्मचारियों से बैठक में भाग लेने की अपील करते हुए अपना नाम, पदनाम, नियुक्ति स्थल का नाम, ब्लाक व जनपद का नाम लिखकर 9415868355 नम्बर पर व्हाटसएप करने की अपील की है !

## गोशाईगंज पुलिस ने वारंटी को किया गिरफ्तार

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : थाना गोशाईगंज पुलिस ने पुलिस की गिरफ्त से फरार चल रहा वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा।प्रभारी निरीक्षक कृष्ण कुमार मिश्रा के नेतृत्व में थाना गोसाईगंज




पुलिस ने 26 अक्टूबर को मुखबिर की सूचना पर वारन्टी व अभियुक्त इन्दल पुत्र राम अजोर निवासी केवटहिया मजरे रजपलिया थाना गोसाईगंज जनपद अयोध्या को उसके घर से गिरफ्तार कर जेल भेजा।उक्त आरोपी को गिरफ्तार करने में प्रभारी निरीक्षक कृष्ण कुमार मिश्रा थाना गोसाईगंज,उप निरीक्षक उपेन्द्र प्रताप सिंह थाना गोसाईगंज शामिल रहे।

सम्पादक मंडल

श्री शिवशंकर द्विवेदी संयुक्त सचिव (सेवा निवृत्त) उ0प्र0 शासन, लखनऊ, पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

**लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107**

स्वात्वाधिकारी की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

**श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव**

सह सम्पादक

**श्रीमती हेमा त्रिपाठी**

**मो0–7007415808,9628325542,9415034002**

**RNI** संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/**R-1**

deshkiupasanadailynews@gmail.com

**उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही**

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।